राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 343
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 05 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236





मुख्य अपडेट
पेज 3 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन में नोएडा अव्वल
पेज 4 कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारी का डीएम-एसपी ने किया
पेज 6 टेस्ट क्रिकेट को दी जानी चाहये पहली प्राथमिकता : स्टार्क


## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली एयरपोर्ट से 8 फ्लाइट्स जयपुर भेजी गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार शाम हवा की दिशा अचानक बदल गई। इसकी वजह से कुछ देर के लिए उड़ानों पर असर पड़ा। हवा पूर्व की तरफ से चलने लगी, इस वजह से 8 विमानों को दिल्ली की बजाय जयपुर डायवर्ट करना पड़ा। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि इंडिगो, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें शाम 6 बजे से 8 बजे के बीच दिल्ली में उतर नहीं सकीं। सुरक्षा कारणों से इन्हें जयपुर भेजा गया। हालांकि अब स्थिति सामान्य हो चुकी है और उड़ान संचालन दोबारा शुरू हो गया है।

### पायलट संगठन की मांग- डीजीसीए सिलेक्टिव छूट न दे

**नई दिल्ली।** एयरलाइन पायलटों के संगठन एसोसिएशन ऑफ एयर लाइन पायलट्स इंडिया ने मंगलवार को फ्लाइट रेग्युलेटर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से मांग की कि वह पायलट्स के लिए बनाए गए नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन और रेस्ट पीरियड से जुड़े नियमों को बिना किसी अपवाद के लागू करे। ALPA इंडिया ने कहा कि सिलेक्टिव छूट न दे। यह छूट कुछ ऑपरेटरों के लाभ के लिए दी जा रही है। जबकि डीजीसीए का मुख्य उद्देश्य विमानन सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संगठन ने कहा कि डिस्पेंसेशन (छूट) और डिफरमेंट (टालना) जैसी प्रक्रियाएं पायलटों से बात किए बिना अपनाई जा रही हैं।

## विरोध मार्च




महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के सदस्यों ने डॉ. संपदा मुंडे के लिए न्याय की मांग करते हुए एक विरोध मार्च निकाला। डॉ. संपदा मुंडे ने महाराष्ट्र के सतारा जिले में उत्पीड़न और यौन उत्पीड़न का सामना करने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामला, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

## ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन लेने को कहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की।

इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें। ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें। बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इसपर सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को बैन किया जाए।

प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत



देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है।

### ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने की मांग

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सेंटर फॉर अकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टमिक चेंज और शौर्य तिवारी की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें सरकार को सोशल और ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में चलने वाले ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि ये ऐप्स पूरे देश में बड़े पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। एडवोकेट विराग गुप्ता ने केंद्र को 2,000 सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े ऐप्स की डिटेल्स सौंपीं।

### सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर की मंजूरी

8 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की उस याचिका को मंजूरी दी थी जिसमें प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी ताकि अलग-अलग फैसलों से बचा जा सके।

# हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन गोपीचंद हिंदुजा का निधन

## पाकिस्तान से शुरू हुआ कारोबार, ईरान होते हुए लंदन पहुंचा; बने ब्रिटेन के सबसे अमीर कारोबारी

लंदन। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का 85 साल की उम्र में लंदन में निधन हो गया। हिंदुजा कई हफ्तों से बीमार चल रहे थे और हॉस्पिटल में एडमिट थे।

2023 में बड़े भाई श्रीचंद हिंदुजा के निधन के बाद उन्होंने ग्रुप की कमान संभाली थी।

गोपीचंद को बिजनेस सर्कल में जीपी कहकर पुकारा जाता था। साल



1940 का वो दौर, जब सिंध (अब पाकिस्तान का हिस्सा) में एक सिंधी व्यापारी परिवार में गोपीचंद हिंदुजा का जन्म हुआ।

पिता मुंबई आ गए इसलिए उनका इसी शहर की गलियों में बचपन बीता। यहां उन्होंने जय हिंद कॉलेज से 1959 में ग्रेजुएशन किया।

बाद में उन्हें वेस्टमिंस्टर यूनिवर्सिटी और रिचमंड कॉलेज से ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि मिली।

गोपीचंद हिंदुजा ने 1959 में मुंबई में फैमिली बिजनेस जॉइन किया। उन्होंने हिंदुजा ग्रुप को एक इंडो-मिडिल ईस्ट ट्रेडिंग कंपनी से बदलकर बैंकिंग, फाइनेंस, एनर्जी, ऑटोमोटिव जैसे सेक्टर्स में फैले ग्लोबल इंडस्ट्रियल पावरहाउस में तब्दील कर दिया। उनकी लीडरशिप में ग्रुप ने 1984 में गल्फ ऑयल और तीन साल बाद अशोक लेलैंड का अधिग्रहण किया।

## उत्तराखंड में कार खाई में गिरी, दो की मौत

**चम्पावत।** उत्तराखंड के चंपावत में आज सुबह एक कार 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिससे दो लोगों की मौत हो। जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। चम्पावत के पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुंभार ने बताया कि हादसा पंचेश्वर थाना के पास हुआ, जिसमें महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। हमने मौके पर एसडीआरएफ, लोकल पुलिस और सर्च टीम को रेस्क्यू करने के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, हादसा चंपावत के लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत क्षेत्र डूंगरा बोरा में हुआ। मुकेश कुमार निवासी डूंगरा बोरा अपनी वैगनआर कार (यूके 03 टीए 2479) से लोहाघाट की ओर जा रहे थे। कार में तीन लोग सवार थे- मुकेश कुमार, मनीषा निवासी डूंगरा बोरा और विक्रम राम। सुबह करीब 9 बजे डूंगरा बोरा के पास कार बेकाबू होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में ड्राइवर मुकेश कुमार और मनीषा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। विक्रम राम गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि विक्रम किसी तरह खाई से बाहर निकलकर सड़क तक पहुंचे और ग्रामीणों को दुर्घटना की सूचना दी।

## मेहली मिस्त्री ने टाटा ट्रस्ट्स से ट्रस्टी पद छोड़ा

**मुंबई।** रतन टाटा के करीबी रहे मेहली मिस्त्री ने टाटा ट्रस्ट्स के तीन ट्रस्टों से इस्तीफा दे दिया है। इसमें सर रतन टाटा ट्रस्ट, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और बाई हीराबाई जे.एन. टाटा नावसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन ट्रस्ट शामिल है। 4 नवंबर को एक लेटर में उन्होंने इसकी जानकारी दी। बीते दिनों टाटा ट्रस्ट्स के प्रमुख चैरिटी आर्म्स में मिस्त्री के रिअपॉइंटमेंट को लेकर वोटिंग हुई थी। इसमें तीन ट्रस्ट्रीज नोएल टाटा, वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह ने उनके री-अपॉइंटमेंट के खिलाफ वोट डाला था। मिस्त्री का कार्यकाल 28 अक्टूबर को खत्म हो रहा था। मिस्त्री ने अपने लेटर में बताया कि मुंबई लौटने पर उन्हें अपनी ट्रस्टीशिप को लेकर हाल की उन खबरों का पता चला। उनका ये पत्र उन अटकलें भरी रिपोर्ट्स पर रोक लगाने में मदद करेगा, जो टाटा ट्रस्ट्स के फायदे में नहीं हैं और इसके विजन के खिलाफ हैं। उन्होंने लिखा- रतन एन टाटा के विजन के प्रति मेरे समर्पण में ये भी जिम्मेदारी निभाना शामिल है कि टाटा ट्रस्ट्स को किसी विवाद में न धकेला जाए। मेरा मानना है कि चीजों को और उलझाने से टाटा ट्रस्ट्स की साख को ऐसा नुकसान होगा जो कभी ठीक नहीं हो सकेगा।

## बिलासपुर में खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन

# 8 लोगो की मौत, 16 घायल

- यात्री सिम्स और अपोलो में भर्ती, कोरबा-बिलासपुर रूट पड़ा ठप

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हुई। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं 16-17 लोग घायल हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। हादसा गटौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुआ है।

CPRO विपुल कुमार ने बताया कि घायल यात्रियों का इलाज रेलवे अस्पताल, सिम्स और अपोलो में जारी है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। रेस्क्यू टीम ने अब तक कई यात्रियों को बोगी से सुरक्षित निकाल लिया है। पैसेंजर ट्रेन की बोगी को गैस कटर से काटा जा रहा है। बोगी में 2 लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें निकाला जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे की जानकारी ली है। मृतकों के परिजनों को 10 लाख





रुपए और गंभीर घायलों को 5 लाख रुपए का मुआवजा घोषित किया है। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता राशि देने का ऐलान किया है। वहीं कोरबा से बिलासपुर रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है। आजाद हिंद एक्सप्रेस, हीराकुंड एक्सप्रेस, बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का समय 4-5 घंटे देरी से चल रहा है।



## हैप्पी मॉर्निंग

शादी के लिए लड़के वाले लड़की वालों के घर गए
लड़के वाले (लड़की से)- बेटी अपने रहन-सहन के बारें में बताओ?
लड़की का पिता- रहन तो इसका बहुत अच्छा है, पर सहन ये किसी के बाप का भी नहीं करती.....



## शायरी

ग़ुलामी में न काम आती हैं शमशीरें न तदबीरें
जो हो ज़ौक़-ए-यक़ीं पैदा तो कट जाती हैं ज़ंजीरें

## अर्थसार

संसेक्स:
83,459.15
-519.34 (0.62%)
निफ्टी:
25,597.65
-165.70



## मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 16 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 6 : 38
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 41

# कोयंबटूर गैंगरेप के तीनों आरोपी एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार

## भागने की फिराक में थे; एयरपोर्ट के पास कॉलेज स्टूडेंट से दरिंदगी की

कोयंबटूर/बेंगलुरु। तमिलनाडु के कोयंबटूर में 20 साल की कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप मामले में पुलिस ने सोमवार रात तीनों आरोपी को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपियों के वेल्लिकिनारु में एक सुनसान जगह पर छिपे होने की जानकारी मिली थी।

पुलिस ने देर रात तीनों को घेर लिया। तीनों ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर हमला किया।



इसमें एक पुलिस कॉन्स्टेबल घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने फायरिंग की, जिससे तीनों आरोपियों के पैर में गोली लगी। आरोपियों का कोयंबटूर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कोयंबटूर एयरपोर्ट के पास 2 नंवबर की रात करीब 11 बजे फर्स्ट ईयर की पीजी स्टूडेंट का गैंगरेप हुआ था। पीड़ित एक पुरुष मित्र के साथ कार में बैठकर बातें कर रही थी। तभी गाड़ी से आए 3 लोगों ने उनकी कार पर हमला किया।

आरोपियों ने कार का शीशा तोड़ दिया। पीड़ित के दोस्त पर धारदार हथियार से हमला, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद तीनों ने छात्रा को किडनैप कर लिया। उसके साथ गैंगरेप किया और फिर छोड़कर भाग गए।

# 'एसआईआर' के खिलाफ कोलकाता में ममता का मार्च

## कहा- जैसे हर उर्दू बोलने वाला पाकिस्तानी नहीं, वैसे ही हर बांग्लाभाषी बांग्लादेशी नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मंगलवार को सीएम ममता बनर्जी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी 'एसआईआर' (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किमी लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे।

इस दौरान सीएम ममता ने कहा- 'एसआईआर'को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि 2026 विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में चुपचाप धांधली की जा सके। आगे कहा कि जैसे हर उर्दू बोलने वाला पाकिस्तानी नहीं, वैसे ही



हर बांग्लाभाषी बांग्लादेशी नहीं होता।

इधर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता के मार्च को जमात की रैली बताया। उन्होंने कहा- यह भारतीय संविधान की नैतिकता के खिलाफ है। वहीं, बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा- ममता जी को अगर कुछ कहना है, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए।

देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आज मंगलवार से 'एसआईआर' शुरू हो गया। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं, लेकिन अभी वहां 'एसआईआर' का शेड्यूल तय नहीं है। 12 राज्यों में 'एसआईआर' के दौरान आयोग का फोकस नागरिकता की जांच पर है। सूत्रों के अनुसार असम में मतदाता सूची की गहन समीक्षा तो होगी, लेकिन नागरिकता की जांच नहीं होगी। राज्य में नागरिकता के उलझे हुए मुद्दे के बीच आयोग ये नया मॉडल तैयार कर रहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 'एसआईआर' की घोषणा करते वक्त कहा था कि असम में नागरिकता को लेकर अलग प्रावधान हैं। नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। ऐसे में, असम के लिए अलग आदेश जारी होगा।

## बिहार चुनाव

### औरंगाबाद में कहा- 90 फीसदी आबादी पिछड़ी जातियों की, उनकी हिस्सेदारी कहीं नहीं

# राहुल बोले- 10 प्रतिशत आबादी सेना को कंट्रोल करती है

**औरंगाबाद।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार (4 नवंबर) को औरंगाबाद के कुटुंबा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के लिए चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश की 10 प्रतिशत आबादी के नियंत्रण में है। उन्होंने यह दावा ऊंची जातियों के संदर्भ में किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, अगर आप गौर से देखें, तो देश की 90 प्रतिशत आबादी दलित, महादलित, पिछड़ी, अति पिछड़ी या अल्पसंख्यक समुदायों से है। 90 प्रतिशत लोग समाज के सबसे पिछड़े और आदिवासी तबके से आते हैं।

अगर आप भारत की 500 सबसे बड़ी कंपनियों की सूची निकालें, तो आपको पिछड़े या दलित समुदायों का कोई भी व्यक्ति वहां नहीं मिलेगा। वे सभी शीर्ष 10 प्रतिशत से आते हैं। सभी नौकरियां उन्हीं के पास जाती हैं।

सशस्त्र बलों पर उनका नियंत्रण है। आपको शेष 90 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व कहीं नहीं मिलेगा।

### बिहार में नीतीश जी सरकार नहीं चला रहे हैं

इससे पहले राहुल गांधी ने लोगों से पूछा, कैसे हैं आप लोग। मूड कैसा



है आपका। नीतीश जी को हटाने का प्लान है आपका। काम जारी है आपका।

चल रहा है। 20 साल से नीतीश जी सरकार चला रहे हैं। वो चला रहे हैं, लेकिन चल नहीं रही है।

उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार दिल्ली से मोदी जी के ऑर्डर पर चल रही है।

यहां आप लोगों के लिए सरकार के पास जमीन नहीं है, लेकिन मोदी जी के पास अडाणी, अंबानी के लिए बहुत जमीनें हैं।

राहुल ने कहा कि ये लोग जानते हैं कि बिहार का चुनाव हार रहे हैं। ये इसी में लगे हैं। इन लोगों ने काम तो किए नहीं जो उनके बूते चुनाव जीते तो ये वोट चोरी कर लेते हैं।

### वोट चोरी नहीं हुई तो महागठबंधन बनाएगी सरकार

इसके बाद उन्होंने गयाजी में जनसभा की। राहुल गांधी ने संविधान दिखाते हुए कहा कि इसमें लिखा है कि एक व्यक्ति को एक वोट मिलना चाहिए। मोदी और शाह इलेक्शन कमीशन के साथ मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं।

मोदी ने कहा था कि अब की बार 400 पार, नहीं हुआ। अगर वोट चोरी नहीं होता तो इंडिया गठबंधन की सरकार दिल्ली में होती। बिहार में ऐसा नहीं होगा, बिहार का युवा अबकी बार इन्हें रोकेगा।

नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार बिना वोट चोरी किए बिहार में चुनाव नहीं जीत सकते। जनता ने वोट चोरी रोक दी तो बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

# जदयू नेता के घर से तीन लोगों की संदिग्ध मौत

## संदेहास्पद स्थिति में मिली पति-पत्नी, बेटी की लाश

**पूर्णिया।** पूर्णिया में जदयू नेता के घर से तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है।

दिल दहला देने वाली ये घटना शहर के के.हाट थाना क्षेत्र के यूरोपियन कॉलोनी की है।

मृतकों में जदयू नेता निरंजन कुशवाहा के बड़े भाई नवीन कुशवाहा 52, पत्नी कंचन माला सिंह 48 और बेटी तनु प्रिया 23 के रूप में हुई है।

नवीन कुशवाहा 2009 में बसपा से लोकसभा प्रत्याशी और 2010 में धमदाहा से रालोसपा से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ ज्योति शंकर, के.हाट थानाध्यक्ष उदय कुमार, सहायक खजांची थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार और फणीश्वरनाथ रेणु टीओपी प्रभारी राजनंदनी भारी पुलिस फोर्स के साथ लाइन बाजार स्थित गैलेक्सी अस्पताल पहुंच चुकी है।

कोई घटना की सूचना मिलते हैं सांसद पप्पू यादव, मंत्री लेशी सिंह, सदर विधायक विजय खेमका, मेयर पति जितेंद्र यादव समेत कई बड़े नेता अस्पताल पहुंचे हैं। घटना के कारणों का अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस मामले की जान कर रही है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 05 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## 'भाजपा का वंशवाद : मठों से मंत्रिमंडल तक फैला हुआ नया साम्राज्य'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### जब 'वंशवाद मुक्त' का नारा एक छलावा बन गया

भारतीय जनता पार्टी ने सालों तक कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों पर 'वंशवाद' का तीर चलाया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था —

'हम योग्यता की राजनीति करते हैं, वंश की नहीं।'
पर आज वही भाजपा अपने ही शब्दों के जाल में फँसी दिखती है।
वंशवाद अब सिर्फ़ परिवार तक सीमित नहीं रहा,
बल्कि मठों, संघ शाखाओं और सत्ता के गलियारों में पनप चुका है।
अजय सिंह बिष्ट (योगी आदित्यनाथ) इसका सबसे जीवंत प्रतीक हैं —
जो गोरखनाथ मठ की गद्दी से सीधे मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुँचे।

### अजय बिष्ट — मठ से सत्ता तक का 'वंशवाद'

गोरखनाथ मठ की राजनीति कोई नई नहीं।
महंत दिग्विजयनाथ ? महंत अवैद्यनाथ ? अजय बिष्ट —
यह एक धार्मिक वंश है, जहाँ गद्दी तय होती है और सत्ता उसके साथ चलती है।
जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस में विरासत से आगे बढ़ा,
उसी तरह गोरखनाथ मठ भाजपा की राजनीति में मठीय वंशवाद का प्रतीक बन चुका है।
भाजपा ने इस मठीय सत्ता को 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' का जामा पहनाकर
उसे लोकतंत्र के ऊपर बिठा दिया है।

### भाजपा का नया वंशवाद — परिवार नहीं, संगठन और सत्ता के वारिस

कांग्रेस, समाजवादी या आरजेडी में परिवारवाद रक्त-संबंध से चलता है,
भाजपा में यह संघ-संस्कार और संगठन की वफादारी से।
कहने को भाजपा 'वन मैन, वन पोस्ट' की पार्टी है,
पर हर प्रदेश में सत्ता एक ही 'गुट' और 'घराने' में सिमट गई है।

- राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया —
उनके बेटे दुष्यंत सिंह तीन बार से सांसद हैं।
- छत्तीसगढ़ में रमन सिंह —
उनके बेटे अभिषेक सिंह पूर्व सांसद और भाजपा के भावी चेहरे हैं।
- महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस —
उनकी पत्नी अमृता फडणवीस लगातार राजनीति और प्रशासनिक मंडलों में सक्रिय हैं।
- उत्तराखंड में त्रिवेंद्र रावत और पुष्कर सिंह धामी —
दोनों का संघ-परिवार से पुराना रिश्ता है,
जहाँ नियुक्तियाँ योग्यता नहीं, वफादारी तय करती है।

### और सबसे बड़ा उदाहरण —

जय शाह, जो क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव हैं, जबकि उनके पिता अमित शाह देश के गृह मंत्री।
क्या यह योग्यता का उदाहरण है या सत्ता का वंश विस्तार ?
सत्ता का नया नक्शा — जब 'मठ' बन गए राजनीतिक परिवार
भाजपा का वंशवाद सिर्फ़ घरों में नहीं, मठों में भी है।
गोरखनाथ मठ में अजय बिष्ट, जूनागढ़ अखाड़े में स्वामी अवधेशानंद, और कर्नाटक के सिद्धगंगा मठ में सत्ता और धर्म का गठबंधन —
इन सबने मिलकर एक नया 'संघीय मठराज' तैयार कर दिया है।
अब सत्ता चुनाव से नहीं, गुरु-शिष्य परंपरा से तय होती है।
यह वही व्यवस्था है जिसने लोकतंत्र को अनुष्ठान बना दिया है
और जनता को दर्शक।

### भाजपा की युवा पीढ़ी — वंशवाद की नई ब्रांडिंग

भाजपा अब 'वंशवाद' को नए पैकेज में बेच रही है —
'नेतृत्व की अगली पीढ़ी' के नाम पर।

**देखिए :**

- अनुराग ठाकुर — केंद्रीय मंत्री, उनके पिता प्रेम कुमार धूमल हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री।
- पंकज सिंह — नोएडा से विधायक, उनके पिता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।
- जय शाह — अमित शाह के पुत्र, बीसीसीआई, लोकसभा सांसद।
- अपर्णा यादव भाजपा में शामिल, मुलायम परिवार की सदस्य —
भाजपा के 'वंशवाद विरोध' का सबसे बड़ा मज़ाक!

इन उदाहरणों से साफ़ है कि भाजपा ने वंशवाद को वैचारिक लिबास पहना दिया है, ताकि जनता को लगे कि यह 'संस्कार' है, 'सत्ता की परंपरा' नहीं।

### नाम बदला है, प्रवृत्ति नहीं

आज भाजपा 'वंशवाद मुक्त' नहीं, बल्कि वंशवाद परिष्कृत पार्टी है।
जहाँ कांग्रेस में सत्ता 'परिवार के नाम' पर चलती थी,
वहीं भाजपा में वह 'संघ परिवार के नाम' पर चल रही है।
दोनों का परिणाम एक ही है —
जनता दूर, सत्ता पास।
लोकतंत्र का अर्थ तब खो जाता है, जब योग्यता की जगह वफादारी, और लोक की जगह मठ सत्ता का केंद्र बन जाए।
'वंश बदलने से व्यवस्था नहीं बदलती।
बस चेहरे बदलते हैं —
सिंहासन वही रहता है।'




गुरु नानक जयन्ती- 5 नवम्बर, 2025

# गुरु नानक देवः मानवता के पथप्रदर्शक विलक्षण संत

-ललित गर्ग-



भारत की पवित्र भूमि सदैव से महापुरुषों, संतों और अवतारों की कर्मभूमि रही है। इसी भूमि पर तलवंडी (अब ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में गुरु नानक देव का जन्म हुआ। वे केवल सिख धर्म के प्रवर्तक नहीं थे, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के पथप्रदर्शक, समानता, प्रेम, शांति और सत्य के अमर उपासक थे। उन्होंने धर्म के बाहरी आडंबरों, जातिगत भेदभाव और संकीर्णता का विरोध करते हुए एक ऐसे समाज की कल्पना की जिसमें हर मनुष्य को समान अधिकार मिले और सबके हृदय में करुणा का प्रकाश जले। उनके जीवन की घटनाएं उनकी विलक्षण दृष्टि और दिव्य चेतना का परिचय देती हैं। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे।

गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात् करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्तिक्रांति एवं समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था।

गुरु नानकदेव ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत् को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरुआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है। गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर ज़ोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।

एक बार जब वे सुल्तानपुर में नवाब की नौकरी कर रहे थे, उन्हें अनाज की तौल का कार्य सौंपा गया। वे गिनती करते हुए एक, दो, तीन बोलते जा रहे थे, पर जब तेरह पर पहुँचे तो वे रुक गए और बार-बार तेरह, तेरह कहने लगे। लोग चकित हो उठे। उन्होंने कहा- तेरा, सब कुछ तेरा अर्थात इस संसार में कुछ भी मेरा नहीं, सब कुछ ईश्वर का है। यही गुरु नानक की आत्मदृष्टि थी, जहाँ उन्होंने अहंकार से मुक्त होकर ईश्वर की सर्वव्यापकता का अनुभव किया। यह घटना उनके आध्यात्मिक जीवन का निर्णायक क्षण बनी। एक अन्य प्रसंग में वे अपने साथी भाई मरदाना के साथ मक्का पहुंचे। थकान से चूर होकर वे विश्राम हेतु लेट गए और उनके पैर काबा की दिशा में हो गए।

एक व्यक्ति ने आक्रोश में कहा, अपने पैर ईश्वर की ओर कैसे फैला दिए? गुरु नानक मुस्कराकर बोले, भाई, मेरे पैर उस दिशा में कर दो जहाँ ईश्वर न हो। वह व्यक्ति जैसे-जैसे पैर घुमाता गया, काबा उसी दिशा में घूमता प्रतीत हुआ। यह घटना उनके सर्वधर्मसमभाव और सर्वव्यापक ईश्वर की अनुभूति की प्रतीक बन गई। एक बार कुछ लोगों ने गुरुनानक देव से पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके अनुसार हिंदू बड़ा है या मुसलमान तो गुरु साहिब ने उत्तर दिया, 'अवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे।' यानी सब इंसान ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला भगवान की नजर में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। इस तरह गुरुनानक देव सच्चे गुरु एवं परमात्मा स्वरूप हैं।

गुरु नानक का जीवन सरलता, सच्चाई, करुणा और निस्वार्थ सेवा का आदर्श था। उन्होंने कहा- 卐ना कोई हिन्दू, ना मुसलमान; सब एक ही नूर से उपजे हैं।卐 वे धर्म को किसी संप्रदाय की सीमाओं में नहीं बाँधते थे, बल्कि मानवता को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनके तीन सूत्र-नाम जपो, कीरत करो और वंड छको, मानव जीवन के नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक आधार हैं। उनका कहना था कि ईश्वर का स्मरण करो, ईमानदारी से परिश्रम करो और जो कुछ कमाओ उसमें से दूसरों के साथ बाँटो। उनका जीवन इस सत्य का साक्षी है कि धर्म पूजा-पाठ या कर्मकांडों में नहीं, बल्कि आचरण और व्यवहार में बसता है।


वे कहते थे, वह धर्म नहीं जो दूसरों को दुख दे, वह भक्ति नहीं जो केवल पूजा में सीमित रहे। गुरु नानक ने अहंकार, लोभ, क्रोध और हिंसा से मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी और यह बताया कि ईश्वर प्रत्येक प्राणी में विद्यमान है। उन्होंने कहा- सबना में जोत, जोत है सोई; तिस दा चानन सब में होई। यानी हर प्राणी में उसी परमात्मा की ज्योति विद्यमान है, इसलिए किसी से भेदभाव मत करो।

आज जब मानवता पुनः संकीर्णता, हिंसा और विभाजन के दौर से गुजर रही है, तब गुरु नानक देव की शिक्षाएं हमारे लिए दिशा-सूचक दीपक हैं। उनका सन्देश हमें करुणा, एकता, सादगी और सच्चाई की ओर ले जाता है।

उन्होंने जीवनभर यह बताया कि सच्चा धर्म वही है जो मानवता को जोड़े, प्रेम को बढ़ाए और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे। एक ओंकार सतनाम, करता पुरख, निरभउ, निरवैर- यह उनके जीवन का सार था, जो आज भी विश्व को यह सिखाता है कि ईश्वर एक है, वह सबका है, सबमें है, और सबके लिए है। गुरु नानक देव सचमुच उस विराट चेतना के प्रतीक हैं जो समय, धर्म और सीमाओं से परे होकर मानवता के उजाले की दिशा दिखाती है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3701




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3700 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दारोगा (रमेश से)- जब तुम्हारे यहां चोरी हुई, उस समय कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- हम पर चार लट्ठ और हमारे भाई पर दो लट्ठ बजे थे.
दारोगा (रमेश से)- अरे मै घड़ी का पूछ रहा हूं उसमे कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- साहब घड़ी तो एक ही लट्ठ बजने पर टूट गई.

□ □ □

महेश (संजय से) - मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा बॉस एक डॉक्टर है.
संजय (महेश से) - ऐसी क्या खासियत है आपके बॉस में?
महेश (संजय से) - मैं थोड़ा भी बीमार पड़ता हूं, तो वह मुझे फौरन बेड रेस्ट की सलाह दे देता है.


□ □ □

दो मूर्ख वार्तालाप कर रहे थे.
पहला बोला- 'यदि वृक्ष पर हाथी चढ़ जाए और वहां से नीचे उतरना चाहे तो उसे क्या करना चाहिए?'
दूसरा मूर्ख बोला- 'हाथी को वृक्ष की टहनी पर बैठकर पतझड़ के आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए.'

□ □ □

राम (मोहन से)- क्या कर रहे हो?
मोहन- दोस्त को पत्र लिख रहा हूं.
राम- लेकिन तुम्हें लिखना नहीं आता.
मोहन (राम से)- तो मेरे दोस्त को कौन सा पढ़ना आता है.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3701



**बायें से दायें:-**

२. अक्षय खन्ना, सोनाली की 'ओ गोरी आजा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'कहाँ से आई रानी' गीत वाली अजय, काजोल की फिल्म-२,२
७. आमिर, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
८. राजेश वाली 'हम दोनों' में हेमा के साथ दूसरी नायिका कौन थी?-२
९. अमिताभ, ऋषि, हेमा की 'चल चल मेरे भाई' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हिना' की पाक नायिका?-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा की 'प्यार के इस खेल में' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१८. जैकी, अनिल, पूनम की 'हर करम अपना' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'फिलहाल' में नायिका 'रेखा' की भूमिका किसने की है?-२
२०. सनीलदत्त, रीनाराय, आशा की 'जलता है जिया' गीतवाली फिल्म-२
२१. 'आ तेरी तसवीर' गीत वाली देवनंद, मधुबाला की फिल्म-३
२४. अनिल कपूर, पद्मिनी की 'वो सात दिन' के निर्देशक कौन थे?-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिल दीवाने का' गीत वाली नसीर, धर्मेन्द्र, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३२. सनी, शिल्पा शेट्टी की 'आशिकी बनके' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'दिल में जो बातें हैं' गीत वाली देवआनंद, हेमा की फिल्म-३
३४. नसीर, आदित्य, पूनम ढिल्लों, मंदाकिनी अभिनीत एक फिल्म-४
३५. आमिर, ग्रेसीसिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तुम रूठ के मत जाना' गीतवाली भारत भूषण, मधुबाला की फिल्म-३
२. रवीना, राईमा, संजीव सूरी की 'बहार ही बहार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चोरी चोरी जब नजरें' गीतवाली फिल्म-३
५. अनिल, गोविंद की 'दीवाना मस्ताना' की नायिका कौन थी?-२
६. 'रस्ते में वो खड़ा' गीतवाली सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१०. राकेश रोशन, सिम्मी की 'जब भी ये दिल' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अब चाहे सर फूटे' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजयदत्त, टीना मुनीम की 'क्या यही प्यार है' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'सावन के झूले पड़े' गीतवाली फिल्म-३
१५. 'फूल तुम्हें भेजा है' गीत वाली 'सरस्वतीचंद्र' की नायिका-३
१६. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-२
१७. राजेश खन्ना, हेमा की 'कहानियाँ सुनाती है' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीतवाली फिल्म-२
२३. चंकी, मिथुन, सोमी अली की 'क्या आँखें हैं' गीत वाली फिल्म-३,२
२५. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली फिल्म-२
२७. शबाना आजमी, श्वेता प्रसाद अभिनीत बाल फिल्म-३
२९. 'दिल नहीं देना' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'सपने' की नायिका कौन थी-३
३१. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 3700



## सूडोकु -3701

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3700 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3701



**बाएँ से दाएँ**

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली - 3700 का हल



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 05 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in


# औद्योगिक भूखंडों के आवंटन में नोएडा अव्वल

## यीडा में 94 प्रतिशत इंडस्ट्रियल प्लॉट खाली, 7,742 प्लॉटों में 5,308 पर उद्योग चालू

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक भूखंडों का सबसे कम उपयोग हुआ है, जबकि नोएडा औद्योगिक गतिविधियों में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

प्रदेश में इंडस्ट्रियल विकास के लिए चल रहे राज्यव्यापी सर्वे में ये पता चला है। यीडा क्षेत्र में 94 प्रतिशत इंडस्ट्रियल प्लॉट अभी भी खाली पड़े हैं। इसके विपरीत नोएडा में राज्य का सबसे कम इंडस्ट्रियल एरिया खाली है।

यह सर्वे 'इन्वेस्ट यूपी' द्वारा किया जा रहा है और अब तक 77त्न काम पूरा हो चुका है। सर्वे के दौरान राज्य के सात प्रमुख औद्योगिक विकास प्राधिकरणों नोएडा, ग्रेटर नोएडा, YEIDA, UPSIDA, GIDA, SIDA और PEIDA में कुल 33,493 इंडस्ट्रियल प्लॉटों की जांच की गई, जिनमें से




8,235 (25 प्रतिशत) भूखंड खाली पाए गए।

### यीडा क्षेत्र में सबसे अधिक खाली भूखंड

गौतम बुद्ध नगर जिले के यीडा क्षेत्र में कुल 3,476 इंडस्ट्रियल प्लॉटों में से 3,264 (94 प्रतिशत) खाली हैं। केवल 8 प्लॉटों पर उद्योग चालू हैं, जबकि 198 निर्माणाधीन और 6 गैर-क्रियाशील हैं। अधिकारियों का कहना है कि कई भूखंड सालों पहले आवंटित किए गए थे, लेकिन आवंटियों ने अभी तक निर्माण शुरू नहीं किया है। प्राधिकरण ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जल्द गतिविधि न शुरू करने पर आवंटन रद्द कर पुनः आवंटन किया जाएगा।

### ग्रेटर नोएडा में स्थिर लेकिन धीमी प्रगति

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 2,677 प्लॉटों में से 416 (16 प्रतिशत) खाली मिले। 1,624 प्लॉटों पर उद्योग चल रहे हैं, 311 पर निर्माण कार्य चल रहा है और 326 गैर-क्रियाशील हैं। अधिकारियों ने माना कि यहां औद्योगिक विकास स्थिर है। लेकिन नोएडा की तुलना में धीमा, जिसका प्रमुख कारण पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में वित्तीय समस्याएं और कानूनी विवाद हैं।

### सबसे मजबूत औद्योगिक हब

नोएडा इंडस्ट्रियल एरिया ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। कुल 7,742 प्लॉटों में से 5,308 पर उद्योग चालू हैं और केवल 497 (6 प्रतिशत) प्लॉट खाली हैं। 802 यूनिट निर्माणाधीन है। प्राधिकरण का कहना है कि नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, टेक्सटाइल और अन्य क्षेत्रों में बेहतर निवेश माहौल और मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र होने से भूमि उपयोग अधिक है।

### दोबारा से होगा आवंटन

इन तीन औद्योगिक प्राधिकरणों में लगभग 14,000 प्लॉटों में से करीब 4,000 प्लॉट खाली है। अधिकारियों के अनुसार, इन्हें पुनः आवंटित कर बड़े स्तर पर निवेश, विशेषकर ईवी मैन्युफैक्चरिंग, डाटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में आकर्षित किया जा सकता है। सर्वे इन्वेस्ट यूपी और रामटेक सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 'निवेश मित्र' पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें हर यूनिट की जियो-टैगिंग और GST, MSME व CIN डेटा सत्यापन भी शामिल है।

## एडवोकेट लड़की ने सुसाइड किया

**नोएडा।** शादी का झांसा देकर प्रेमी के मुकर जाने के बाद महिला वकील ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। प्रेमी के झगड़ा करने के बाद उसने ऐसा कदम उठाया। मृतका के पिता की शिकायत पर सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-105 निवासी ने बताया कि वह मूलरूप से बिहार के रहने वाले हैं। नोएडा में वह दो मंजिला मकान में तीन बच्चों और पत्नी के साथ रहते हैं। शिकायतकर्ता के मुताबिक उनकी 24 साल की बेटी ने बीते साल फरीदाबाद के नामी विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की थी। कोर्स पूरा करने के बाद वह बिहार के पटना निवासी अभिप्रव सिंह की फर्म में इंटर्नशिप की। दिल्ली के पंचशील पार्क के पास स्थित अभिप्रव की फर्म में इंटर्नशिप के बाद वह सैलरी पर अपने सेवाएं देनी लगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पुलिस चौकी शुरू

- 15 नवंबर को आ सकते है सीएम, जल्द मिलेगा एयरोड्रम लाइसेंस

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। उद्घाटन समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एयरपोर्ट परिसर के पास अस्थायी पुलिस चौकी शुरू की गई है, जिसमें एक इंस्पेक्टर सहित 12 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 नवंबर के बाद किसी भी दिन एयरपोर्ट का उद्घाटन कर सकते हैं। वहीं, जल्द ही डीजीसीए से एयरड्रोम लाइसेंस मिलने की संभावना है। अनुमान है कि दिसंबर माह में एयरपोर्ट से पहली उड़ान भरी जा सकती है।

सोमवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में सूरजपुर स्थित कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। इसमें यमुना प्राधिकरण के सीईओ आर.के. सिंह, यापल के सीईओ क्रिस्टोफ श्लमैन सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विमानों की लैंडिंग, जनसभा स्थल की सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

### 15 नवंबर को सीएम का दौरा संभव

बैठक में चर्चा हुई कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 नवंबर तक एयरपोर्ट का दौरा कर सकते हैं, ताकि तैयारियों का जायजा लिया जा सके। इसी दौरान पीएम मोदी के आगमन मार्ग और जनसभा स्थल तक पहुंचने के मार्ग की रूपरेखा भी तय की गई।

एयरपोर्ट परिसर में नई पुलिस चौकी के अलावा प्रवेश द्वारों पर चेकिंग प्वाइंट, वायरलेस नेटवर्क, मेटल डिटेक्टर और निगरानी कैमरों की व्यवस्था की जा रही है। सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सुरक्षा जांच सख्त की जाएगी।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा बैठक संपन्न

**गौतमबुद्धनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में जनपद में उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं मांग की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विवेका, मुख्य प्रबंधक इफको भूपेन्द्र चौधरी, जिला प्रबंधक, पी0सी0एफ0 वैभव कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी दिव्यम यादव, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता आलोक रंजन एवं संबंधित अधिकारी का उपस्थित रहे।

जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे द्वारा बताया गया कि जनपद में रबी सीजन हेतु डीएपी, यूरिया, एनपीके, एमओपी एवं एस0एस0पी0 के माह नवम्बर तक के लक्ष्य क्रमशः 3929 मै0टन, 4433 मै0टन, 961 मै0टन, 100 मै0टन, एवं



102 मै0टन, निर्धारित है, जिसके सापेक्ष 04.11. 2025 तक यूरिया 5524 मै0टन, डीएपी 3168 मै0टन, एनपीके 834 मै0टन, एमओपी 252 मै0टन, एवं एस0एस0पी 209 मै0टन, की उपलब्धता जनपद में सुनिश्चित की जा चुकी है तथा 04.11.2025 को यूरिया 4567 मै0टन, डीएपी 1230 मै0टन, एनपीके 503 मै0टन, एमओपी 154 मै0टन, एवं एस0एस0पी 135 मै0टन का स्टॉक जनपद में अवशेष है। साथ ही बताया गया कि, जनपद में 250.00 मै0 टन डीएपी हापुड में लगने वाली रैक से प्राप्त होनी वाली है तथा अतिरिक्त 1000.00 मै0टन की माँग बुलन्दशहर के रैक पॉइण्ट से की गई है जिससे जनपद में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता पूर्व की भांति बनी रहेगी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता से जानकारी प्राप्त की गई कि डीएपी के अवशेष स्टॉक में से कितना केन्द्रों पर पहुँच गया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा बताया गया कि, 60 मै0टन डीएपी गोदाम पर अवशेष रखते हुए समस्त डीएपी का आवंटन ब्रिकी केन्द्रों हेतु कर दिया गया है एवं सहकारी समितियों पर उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला प्रबंधक पी0सी0एफ0 को निर्देश दिये कि जिन केन्द्रों पर अधिक मांग है वहां प्राथमिकता के आधार पर उर्वरक (डीएपी) पहुँचाया जाये।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी हेतु गेहूँ, जौ, चना मटर, मसूर, तोरिया एवं राई/सरसों का जनपद हेतु कुल लक्ष्य कमशः 25699 कु0, 554 कु0, 11.84 कु0, 21.00 कु0, 16.5 कु0, 6.62 कु0 एवं 31.91 कु0 है, जिसकी कृषि विभाग एवं निजी क्षेत्र द्वारा शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित कर वितरण किया जा रहा है। जिला प्रबंधक पी0सी0एफ0 द्वारा बताया गया कि, उनके गेहूँ बीज के लक्ष्य 403 कु0 के सापेक्ष 200 कु0 का उठान करते हुए शीघ्र ही वितरण किया जायेगा।

# मार्क हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर का पंजीकरण अग्रिम आदेशों तक निलम्बित

**गौतमबुद्ध नगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मार्क हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर, ग्राम ममूरा, सेक्टर-66, नोएडा में दिनांक 02 नवम्बर 2025 (रविवार) को दोपहर लगभग 12ः00 बजे भूतल पर स्थित आईसीयू कक्ष के समीप फाल्स सीलिंग में लगी ऑक्सीजन पाइप लाइन में शॉर्ट सर्किट की घटना घटित हुई थी। इस संबंध में अस्पताल प्रबन्धन को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। तथापि, अस्पताल प्रबन्धन द्वारा ऑक्सीजन पाइप लाइन की समुचित मरम्मत नहीं कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 15 घंटे बाद, दिनांक 03 नवम्बर 2025 (सोमवार) को पुनः उक्त पाइप लाइन में ब्लास्ट की घटना घटित हो गई। मुख्य चिकित्सा




अधिकारी ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही संबंधित टीम के साथ मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को उनके परिजनों द्वारा अन्य चिकित्सालयों में उपचार हेतु स्थानांतरित किया गया। टीम द्वारा इन चिकित्सालयों में भर्ती सभी मरीजों से सम्पर्क स्थापित कर उनके समुचित उपचार की जानकारी प्राप्त की गई।

किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा धनहानि की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

उक्त घटनाक्रम के दृष्टिगत, मार्क हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर, ग्राम ममूरा, सेक्टर-66, नोएडा का पंजीकरण अग्रिम आदेशों तक निलम्बित किया जाता है। साथ ही, अस्पताल प्रबन्धन को निर्देशित किया गया है कि वह फायर ऑडिट, इलेक्ट्रिकल ऑडिट एवं ऑक्सीजन ऑडिट कराकर उसकी प्रतिलिपि तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

## एलजी करेगी 1000 करोड़ का निवेश

**नोएडा।** दक्षिण कोरियाई की कंपनी एलजी ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से मुलाकात कर शहर में बड़े निवेश की योजना को अंतिम रूप दिया। एलजी प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के दौरान नोएडा में अपने ग्लोबल रिसर्च एंड डेवलपमेंटसेंटर के लिए 1000 करोड़ रुपये के निवेश की आधिकारिक पुष्टि की। यह मॉडर्न अनुसंधान केंद्र नोएडा के फेज-2 औद्योगिक क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। कंपनी को इस परियोजना के लिए 27,129 वर्गमीटर का औद्योगिक प्लॉट आवंटित किया गया है। एलजी का यह R&D हब उभरती तकनीकों, नवाचार और उच्चस्तरीय वैश्विक अनुसंधान गतिविधियों पर केंद्रित होगा। कंपनी की इस पहल से क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। परियोजना के अंतर्गत लगभग 500 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# नोएडा में पैदल मुसाफिरों के लिए बनेगा स्काई वॉक

**दिल्ली से नोएडा ट्रैफिक होगा स्मूद, लिफ्ट के साथ होंगी स्वाचालित सीढ़ियां**

**नोएडा।** दिल्ली से हैवी ट्रैफिक नोएडा गोलचक्कर (सेक्टर-1,2,14,15) होकर जाता है। ज्यादा संख्या पैदल मुसाफिरों की होती है। पीक आवर में पैदल मुसाफिरों को दिक्कत होती है। इससे जाम लगता है। सड़क दुर्घटना न हो इसके लिए यहां स्काई वॉक बनाया जाएगा।

ये स्काई वॉक सेक्टर-1,2,14,15 इंडियन ऑयल क्रासिंग को जोड़ते हुए बनेगा। लोग सड़क पार करने के लिए इस स्काई वॉक का प्रयोग करेंगे।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश, प्राधिकरण के जीएम आरपी सिंह व अन्य लोगों ने इस क्रासिंग का निरीक्षण किया। जिसके बाद स्काई वॉक बनाने के लिए कहा गया। इसका डिजाइन तैयार होगा। इस स्काई वॉक में दोनों और स्वचालित सीढिय़ां बनाई जाएंगी।

इसके अलावा दिव्यांग के लिए लिफ्ट भी रहेगी। इसके निर्माण में कितना खर्च आएगा डीपीआर बनने के बाद तय किया जाएगा।

इसके बनने से नोएडा गोलचक्कर पर पेडिस्ट्रेन के कारण लगने वाला जाम समाप्त हो जाएगा। साथ ही यहां होने वाली दुर्घटनाएं भी कम हो जाएंगी। उम्मीद है कि इस स्काई वॉक का निर्माण बिल्ट आपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) बेस पर किया जाएगा। यानी कंपनी इसका निर्माण करेगी। विज्ञापन के जरिए अपना खर्चा निकालेगी।

मेंटेनेंस करेगी जब लागत निकल जाएगी इसके बाद संचालन की जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी।

# किसान यूनियन ने प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की बनाई रूपरेखा

## दनकौर में हुई बैठक, 100 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) की बैठक हुई, जिसमें जिले के तीनों प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी रामकुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बीकेयू महात्मा टिकैत को छोड़कर बीकेयू (अराजनीतिक) में शामिल होने की घोषणा की। बैठक में संगठन विस्तार की भी घोषणा की गई। पंकज शर्मा (हतेवा निवासी) को गौतमबुद्ध नगर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा बॉबी नागर को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, धीरज प्रमुख और जयवीर कसाना को राष्ट्रीय सचिव, जगत सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ओमप्रकाश को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि वे संगठन के दायित्व का सम्मान करते हुए किसानों की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्राधिकरणों की मनमानी के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने ऐलान किया कि तीनों प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत दनकौर इंटरचेंज से की जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। मंच से कार्यकर्ताओं ने किसानों से एकजुट होकर ताकत दिखाने का आह्वान किया।

# न्यू नोएडा के लिए ली जाएगी 80 गांव की जमीन

## चार लेखपाल, दो तहसीलदार के लिए खुलेगा ऑफिस, तय होगा मुआवजा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बाद अब न्यू नोएडा के विकास की दिशा में तेजी आ गई है। करीब 80 गांवों को अधिसूचित किया जा चुका है और निर्माण कार्य के लिए अब प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### मुआवजे और विकसित भूमि का होगा निर्धारण

सबसे बड़ा सवाल किसानों के मुआवजे का है। किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए और अधिग्रहण के बदले कितनी प्रतिशत विकसित भूमि लौटाई जाए, इसके लिए एक विस्तृत खाका तैयार किया जा रहा है, जिसे शासन को भेजा जाएगा। शासन की मंजूरी के बाद चार लेखपाल, दो तहसीलदार और दो नायब तहसीलदारों की टीम गठित कर स्थानीय कार्यालय खोला जाएगा। यह टीम किसानों के साथ बैठक कर अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। न्यू नोएडा में भूमि अधिग्रहण हाइब्रिड मॉडल पर होगा। यानी किसानों से आपसी सहमति और लैंड पूलिंग दोनों के माध्यम से जमीन ली जाएगी। प्राधिकरण सीधे खरीद का विकल्प भी खुले रखेगा।

### मुआवजा तय करने के मानक

मुआवजा दर तय करने के लिए डीएम और प्राधिकरण की बैठक होगी। इसमें कई बिंदुओं पर विचार किया जाएगा—
गांवों की जेवर एयरपोर्ट से दूरी
भूमि की उपयोगिता और बाजार मूल्य
ग्रेटर नोएडा सीमा से निकटता

**चार चरणों में विकसित होगा शहर**

न्यू नोएडा को कुल 209.11 वर्ग किमी (लगभग 20,911 हेक्टेयर) क्षेत्र में बसाने की योजना है। इसे चार फेज में पूरा किया जाएगा।

2023-2027 : 3,165 हेक्टेयर
2027-2032 : 3,798 हेक्टेयर
2032-2037 : 5,908 हेक्टेयर
2037-2041 : 8,230 हेक्टेयर

इस तरह अगले 15-20 सालों में न्यू नोएडा को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

बुलंदशहर जिले के सर्किल रेट
इन सभी पहलुओं को देखते हुए किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए मुआवजे की दर तय की जाएगी।

### गांवों के प्रधानों से संवाद शुरू

प्राधिकरण ने पहले चरण में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे और जीटी रोड के आसपास के गांवों से शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इनमें जोखाबाद और सांवली प्रमुख हैं। इन गांवों के प्रधानों से बातचीत शुरू हो चुकी है। किसानों की सहमति से जमीन खरीदी जाएगी और यहीं पर न्यू नोएडा का अस्थायी कार्यालय भी स्थापित किया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## किशोर श्रमिकों की नियुक्ति पर श्रम विभाग की सख्ती, दो प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

**गौतम बुद्ध नगर।** उप श्रमायुक्त गौतम बुद्ध नगर राकेश द्विवेदी के निर्देशन में आज सहायक श्रमायुक्त सुयश पाण्डेय एवं डॉ0 एस0 पी0 सिंह के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों की टीम द्वारा निर्माणाधीन प्रतिष्ठानों मैसर्स केन्ट आर0 ओ0 सिस्टम् प्रा0 लि0, प्लॉट नं0-03, सेक्टर-159, नोएडा तथा मैसर्स टाटा कन्सलटेन्सी, सेक्टर-159, नोएडा का निरीक्षण/जांच विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत की गई। निरीक्षण के दौरान मैसर्स केन्ट आर0 ओ0 सिस्टम् प्रा0 लि0 में 4 किशोर श्रमिक एवं मैसर्स टाटा कन्सलटेन्सी में 1 किशोर श्रमिक नियोजित/कार्यरत पाए गए। कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड के अंतर्गत नहीं पाया गया। इस पर विभागीय टीम द्वारा सम्बन्धित सेवायोजकों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं।

## ग्रेटर नोएडा में आपसी विवाद में चली गोली

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में तिगड़ी गोलचक्कर के पास सोमवार रात आपसी विवाद के दौरान गोली चल गई। इस घटना में एक युवक के पैर में गोली लगी, जबकि दो अन्य युवक मारपीट में घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम करीब 7 बजे लव कुमार और सचिन नामक दो परिचित युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद बढ़ने पर सचिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर लव कुमार की पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान, जब लव कुमार का साथी गौरव बीच-बचाव करने पहुंचा, तो सचिन ने उस पर पिस्टल से फायर कर दिया। गोली गौरव के पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। गौरव और लव कुमार दोनों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद करने और विवाद के कारणों की जांच कर रही है।

## जमीन विवाद में घर में घुसकर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ऊंची दनकौर मोहल्ले में जमीन विवाद को लेकर एक परिवार पर हमला हुआ। पड़ोसियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित विक्रम ने पुलिस को बताया कि उनका पड़ोसियों के साथ एक प्लॉट को लेकर अदालत में मामला चल रहा है। आरोप है कि इसी विवाद के चलते सोमवार रात आरोपी उनके घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान घर में तोड़फोड़ भी की गई। हमले में विक्रम की बहन सहित परिवार के चार सदस्य घायल हुए हैं। सभी घायलों का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने अदालत में चल रहे मामले को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए यह हमला किया। पुलिस ने विक्रम की शिकायत के आधार पर बृजेश, भूपेश, गुल्लू, सानू, भूरा, भूरी और शस्त्री नामक सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर एफआईआर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कस्बे में एक महिला ने अपने पति और पांच ससुरालजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। हिमानी नामक युवती ने मंगलवार को जेवर कोतवाली में यह शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस के अनुसार, हिमानी की शादी लगभग दो वर्ष पहले उत्तराखंड निवासी नितिन से हुई थी। शादी के समय नितिन को राजस्थान में बिजली विभाग का सरकारी कर्मचारी बताया गया था, लेकिन बाद में यह जानकारी गलत निकली। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष लग्जरी कार की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। जब उसने दहेज की मांग पूरी करने से इनकार किया तो ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। कुछ दिन पहले आरोपी उसे मायके छोड़कर फरार हो गए थे। मंगलवार को पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके पति नितिन, देवर मोहित, सास रेखा, तेजवीर और शिवानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## स्कूल माली ने पंखे से लटककर की आत्महत्या

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के इकोटेक 3 थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में 56 वर्षीय माली राकेश ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और प्रथम दृष्टया इसे पारिवारिक कारणों से की गई आत्महत्या बताया है। पुलिस के अनुसार, नॉलेज पार्क 5 स्थित निजी स्कूल में कार्यरत माली राकेश, निवासी तुस्याना, गौतमबुद्धनगर ने स्कूल की छत पर बने अपने कमरे में फांसी लगाई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि माली स्कूल में ही रहता था। बताया जा रहा है कि राकेश दोपहर करीब 2 बजे अपनी तबियत खराब बताकर अपने कमरे में गया था। कई बार फोन करने पर भी जब उसने जवाब नहीं दिया, तो स्कूल में काम करने वाली एक महिला को करीब 4 बजे उसके कमरे में भेजा गया। महिला ने राकेश को पंखे से लटका हुआ पाया, जिसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने इस मामले में हत्या का आरोप लगाया है।

## ग्रेटर नोएडा में दो चोर गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की रबूपुरा पुलिस ने बिजली के तार चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से हैवेल्स कंपनी के 10 बंडल तार बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। यह मामला तब सामने आया जब इकबाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट इंचार्ज सुनील कुमार ने मंगलवार सुबह रबूपुरा थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनकी निर्माण साइट से लाखों रुपये के हैवेल्स कंपनी के बिजली के तार चुरा लिए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने स्थानीय खुफिया तंत्र और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। मंगलवार को पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट से दयानतपुर की ओर जाने वाली सर्विस रोड पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अलीगढ़ निवासी रिंकू और सोनू के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि उनके पास से चोरी किए गए 10 बंडल तार बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की है।

## मारपीट में घायल युवक की मौत

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में सोमवार रात हुई मारपीट में घायल एक युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य युवक गोली लगने से घायल हुआ है, जिसका उपचार जारी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात तिगरी गोल चक्कर के पास लव कुमार और सचिन के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। सचिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर लव कुमार के साथ मारपीट की। इसी दौरान लव कुमार का साथी गौरव बीच-बचाव करने आया। सचिन ने गौरव पर गोली चला दी, जिससे उसके पैर में गोली लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल गौरव और लव कुमार को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में इलाज के दौरान लव कुमार ने दम तोड़ दिया, जबकि गौरव का अभी भी उपचार चल रहा है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर आरोपी पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारी का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, घाट पर लगाई जाएगी लाल झंडी

पीलीभीत। आगामी कार्तिक पूर्णिमा व गंगा स्नान पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने सोमवार को ब्रह्मचारी घाट पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने घाट पर की जा रही बैरिकेडिंग, गोताखोरों की व्यवस्था तथा सुरक्षा तैयारियों का विस्तार से निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। घाट पर खतरे के स्थानों पर लाल झंडियां लगाई जाएं तथा गोताखोरों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार परितोष द्विवेदी को नामित किया गया है। पुलिस बल घाट पर तैनात रहेगा ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## लखनऊ में 78 पार्किंग की मंजूरी

लखनऊ। राजधानी की पार्किंग व्यवस्था को सुधारने की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में हुई पार्किंग प्रबंधन समिति की बैठक में शहर के 78 पार्किंग स्थलों की सूची को स्वीकृति दी गई। यह सूची रीजनल सेंटर फॉर अर्बन एंड एनवायरन्मेंटल स्टडीज की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गई है। बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) अशोक कुमार सिंह, एडीएम सिटी ईस्ट महेंद्र पाल सिंह, एआरटीओ, एलडीए, पीडब्लूडी, यूपीएमआरसी, सेतु निगम, एनएचएआई और नगर अभियंताओं ने भाग लिया। RCUES ने अपनी रिपोर्ट में भौगोलिक कोऑर्डिनेट्स और ईसीएस के मानकों के साथ पार्किंग स्थलों का विस्तृत विवरण समिति के सामने रखा।

## 'नो हेल्मेट नो फ्यूल' अभियान में बिना हेल्मेट चालकों के कसे पेंच

▸ 27 दोपहिया चालकों के खिलाफ हुई चालान कार्रवाई, पंप संचालकों को दिए सख्त निर्देश

**पीलीभीत।** नो हेल्मेट नो फ्यूल अभियान के तहत मंगलवार को आपूर्ति विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर अभियान चलाया।

अभियान के दौरान बिना हेल्मेट वाले दोपहिया वाहन चालकों के चालान काटे गए और पंप संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई कि किसी भी स्थिति में बिना हेल्मेट वाले चालकों को ईंधन न दिया जाए।

गौहनिया चौराहा स्थित यूनिवर्सल पंप, गुप्ता सर्विस स्टेशन और रूहेलखंड सर्विस स्टेशन पर कुल 17 चालान किए गए।

अन्य क्षेत्रों में भी अभियान चलाकर कुल 27 चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने और हेल्मेट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वे हेल्मेट के बिना आने वाले चालकों को किसी भी परिस्थिति में ईंधन न दें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस अभियान को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। अधिक जानकारी के लिए नागरिक जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# शार्ट न्यूज

## यातायात माह शुरू, सड़क हादसे कम करने पर जोर

**लखनऊ।** प्रदेश में यातायात माह शुरू हो चुका है। इसे देखते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने फील्ड में तैनात पुलिस अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की और सड़क हादसे कम करने के लिए कवायद तेज करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि यातायात सुधार उनकी शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। इसी के तहत एडीजी यातायात निदेशालय को सड़क दुर्घटनाओं के हॉटस्पॉट, उनके कारणों के विश्लेषण एवं निवारण उपायों पर आधारित एक व्यापक कार्ययोजना पेश करने को कहा गया था। यातायात निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदेश के तीन सर्वाधिक सड़क दुर्घटना प्रभावित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके बाद रोड इंजीनियरिंग, संसाधनों एवं बल की उपलब्धता, तकनीकी पहलुओं तथा अन्य अहम कारणों का विश्लेषण कर दुर्घटनाएं घटाने के लिए ठोस रणनीति तैयार की गई। इस रणनीति पर काम करने के बाद अप्रत्याशित नतीजे सामने आए। डीजीपी ने बताया कि जिन तीन मार्गों को चिन्हित किया गया था उसमें स्ट्रैच 1 के तौर पर अलीगढ़ में नेशनल हाइवे 34 सिकन्दराबाद-बुलन्दशहर से गभाना टोल प्लाजा, स्ट्रैच 2 के तौर पर लखनऊ में नेशनल हाइवे 27 पर लखनऊ में अवध चौराहा से उन्नाव के जाजमऊ पुल तक और स्ट्रैच 3 के तहत कानपुर में नेशनल हाइवे 34 नौबस्ता से सजेती तक के मार्ग को चिन्हित किया गया था।

## जेल से छूटे अपराधियों की हो निगरानी

**आगरा।** आगरा में पुलिस कमिश्नर ने क्राइम मीटिंग में निर्देश दिए हैं कि नई हिस्ट्रीशीट खोली जाए। पुराने हिस्ट्रीशीट की दिन-रात निगरानी बीट उपनिरीक्षक और बीपीओ द्वारा की जाए। साथ ही साथ जेल से छूटे अपराधियों की निगरानी की जाए। अगर वे किसी भी अपराध में शामिल पाए जाएं तो कार्रवाई की जाए। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने क्राइम मीटिंग में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं सहित अन्य प्रशासनिक विषयों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि थाने पर आने वाले हर व्यक्ति की एफआईआर दर्ज की जाए। गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित अभियुक्तों की संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की जाए। पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों के यौन अपराधों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों की त्वरित जांच की जाए। स्कूलों के आसपास एंटी रोमियो की टीमों को एलर्ट मोड पर रहने को कहा। फास्ट ट्रैक कोर्ट्स में महिलाओं से जुड़े गंभीर अपराधों का जल्द निस्तारण कराया जाए। साइबर अपराधों के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। अवैध खनन और परिवहन के मामलों में सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही हो। मेट्रो निर्माण के कारण ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक सिग्नल, बैरिकेडिंग, बोर्ड, स्ट्रीट लाइट आदि की व्यवस्था हो।

## मेरठ में लोहा कारोबारी के यहां जीएसटी की रेड

**मेरठ।** मेरठ में मंगलवार को लोहा कारोबारी के यहां वाणिज्य कर विभाग ने रेड मार दी। एसआईबी रेंज ए की टीम ने जैसे ही रेड मारी, हड़कंप मच गया। टैक्स चोरी की शिकायत पर रेड की यह कार्यवाही की गई। बढ़ी टैक्स चोरी की वाणिज्य कर विभाग को जानकारी मिली थी। फिलहाल टीम दस्तावेज खंगाल रही है। पटेल नगर निवासी हाजी सईद लोहा कारोबारी हैं। उनकी जली कोठी पर अल ज़ैद स्टील प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्म है। दोपहर करीब 1 बजे गुपचुप तरीके से वाणिज्य कर विभाग की SIB टीम ने यहां रेड की। वाणिज्य कर विभाग की 6 टीमों ने पूरे दफ्तर को घेर लिया। टीम सीधे दफ्तर में पहुंची और दस्तावेज खंगालने शुरू कर दिए। फिलहाल वाणिज्य कर की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। जैसे ही वाणिज्य कर विभाग की टीम ने रेड की बाजार में खलबली मच गई। देखते ही देखते बाजार बंद होने लगा और बड़ी संख्या में दुकानदार एकत्र हो गए। फिलहाल वाणिज्य कर विभाग की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। 7 घंटे से ज्यादा करवाई को हो चुका है। फर्म के दफ्तर से किसी को बाहर आने नहीं दिया जा रहा है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी साथ मौजूद है।

## आगरा में चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र में एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के 75,000 रुपए, एक ऑटो और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने महर्षिपुरम ककरैठा में एक बंद मकान का ताला तोड़कर 1.60 लाख रुपए चोरी किए थे। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी के रुपए आपस में बांट लिए थे और शेष रुपए खर्च कर दिए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण वर्मा, गिरधारी वर्मा और सूरज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक ऑटो, प्लास, पेचकस, रिंच और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए ऑटो का इस्तेमाल किया था और वे चार लोगों की टीम में थे। चौथे आरोपी रोहित की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गर्लफ्रेंड होटल में नहीं रुकी तो सुसाइड किया

**कानपुर।** कानपुर के एक होटल में बीएससी स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। गर्लफ्रेंड ने फंदे से लटकता देखा तो वह चीखती हुई बाहर भागी। मदद के लिए होटल स्टाफ को बुलाया। स्टाफ ने युवक को फंदे से नीचे। फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गर्लफ्रेंड ने बताया कि मेरे बॉयफ्रेंड ने एक दिन और होटल में रुकने को कहा। मैंने मना कर दिया। फिर मैं नहाने चली गई। बाहर निकली तो वह पंखे के सहारे मेरे दुपट्टे से फंदे से लटका था। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र का है। मूलरूप से फर्रुखाबाद के कायमगंज निवासी किसान के तीन बेटे हैं। उनका बीच वाला बेटा मयंक (बदला हुआ नाम) (17) व अर्पित हैं। मयंक बीएससी फर्स्ट ईयर में था। पढ़ाई करने के साथ-साथ वह एनसीसी कैडेट भी था। पिता ने बताया कि मयंक करीब 10 दिन पहले एनसीसी कैंप में हिस्सा लेने कानपुर आया था। सोमवार को कैंप का आखिरी दिन था। उसने सोमवार को मुझे फोन किया था। कहा था कि मंगलवार को वह घर आएगा। मगर मंगलवार दोपहर बाद मुझे उसके सुसाइड करने की जानकारी मिली।

## लखनऊ के अस्पतालों में ब्लड जांच का संकट

**लखनऊ।** राजधानी के तीन सरकारी अस्पतालों में भी पीटीपीसी आईएनआर जांच ठप पड़ी हैं। मरीजों को जांच के लिए निजी केंद्र पर जाना पड़ रहा है। अस्पताल प्रभारियों का कहना है रीजेंट का संकट होने की वजह से जांच बंद है। खून का थक्का जमने की स्थिति का पता लगाने वाली अहम जांच पीटीपीसी आईएनआर बलरामपुर अस्पताल में तो बंद चल रही थी। वहीं, तीन नए अस्पतालों में यह जांच बंद है। बीआरडी महानगर, रानी लक्ष्मीबाई, ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में जांच ठप है। ऑपरेशन से पहले (प्री सर्जिकल) की यह जांच अधिक संख्या में मरीजों को रोजाना निजी केंद्रों से करवानी पड़ रही है। निजी पैथालॉजी में पीटीपीसी आईएनआर जांच के लिए मरीजों को 400 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। अस्पतालों के अधिकारियों से मरीज लगातार शिकायत कर रहे हैं। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। रीजेंट उपलब्ध न होने से जांच काफी समय से बंद है। डॉक्टर किसी भी मरीज के ऑपरेशन से पहले यह जांच जरूर करवाते हैं। ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डॉ.एसपी सिंह का कहना है कि पीटीपीसी INR जांच के लिए रीजेंट की मांग विभाग से की गई है। जल्द ही जांच शुरू की जाएगी। रानी लक्ष्मी अस्पताल की सीएमएस डॉ. नीलिमा का कहना हैरीजेंट की समस्या होने की वजह से जांच बंद है।

# मिशन शक्ति के तहत 'अनन्ता' कार्यक्रम में प्रेरक महिलाओं का सम्मान

## मुख्य विकास अधिकारी बोले जीवन में कुछ भी असंभव नहीं, हर परिस्थिति से लड़कर आगे बढ़ें महिलाएं

**पीलीभीत।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सोमवार को गांधी प्रेक्षागृह में अनन्ता प्रेरक महिलाओं की पहचान व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आर.के. श्रीवास ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने मिशन शक्ति के तहत चल रहे जागरूकता अभियानों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अनन्ता कार्यक्रम का उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने संघर्ष व उपलब्धियों से समाज में प्रेरणा का कार्य किया है।

मुख्य विकास अधिकारी आर.के. श्रीवास ने महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कुछ भी असंभव नहीं होता।

किसी भी परिस्थिति से डरने के बजाय हमें उसका सामना कर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव ने कहा कि यदि स्कूल या बाहर कहीं भी असुरक्षा महसूस हो, तो तुरंत विरोध करें और सरकारी हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें।

जिला विकास अधिकारी संजय सिंह ने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि शिक्षित महिला ही सशक्त समाज की नींव रख सकती है।

इस अवसर पर आर्य कन्या की प्रधानाचार्या सुमन देवी, गायनोलॉजिस्ट डॉ. रूपल, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष पूर्णिमा पांडेय, जेजेपी सदस्य ज्योति, खेल क्षेत्र की विभा मिश्रा, बीनू, प्रगति, विमला, गीता कुमारी तथा बीसी सखी कुसुमा देवी सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रकृति पर पुस्तक लिखने वाली बालिका मनन्या पांडेय को विशेष रूप से घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुवर्णा पांडेय ने किया। इस मौके पर संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, रमनदीप कौर, निर्वाण सिंह तथा महिला कल्याण विभाग का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म, परिजनों ने आरोपी को दबोचा

## चीख-पुकार सुनकर पिता और भाई ने किया गिरफ्तार, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र दियोरिया कोतवाली के एक गांव में मंगलवार रात एक 19 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म की जघन्य वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी।

युवती जब अपने घर में सो रही थी, तभी गांव का ही एक युवक घर में घुस आया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी सुरेश पुत्र रामलाल को परिजनों ने मौके पर पकड़ा, पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती रात करीब 11 बजे आरोपी सुरेश पुत्र रामलाल घर में जबरन घुस आया और उसे धमकाते हुए दुष्कर्म किया। युवती की चीख-पुकार सुनकर पिता और भाई मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद परिजनों ने आरोपी को तत्काल पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस संबंध में एसएसआई अमित शर्मा ने बताया कि पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

## बड़ावन में सांप के काटने से महिला की मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में सिधौली थाना क्षेत्र के बड़ावन गांव में जहरीले सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, बड़ावन गांव निवासी रामश्री (40) पत्नी रामादीन सोमवार शाम लगभग 5 बजे घर से बाहर तालाब के पास लगे गूंगे से भूसा लेने गई थीं। भूसा निकालते समय उन्हें एक सांप ने डस लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रामश्री को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि रूपेश पांडे ने लेखपाल और कोतवाल को सूचना दी, जिसके बाद महिला का पोस्टमार्टम कराया गया। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि मरने के बाद एक वैद्य को भी दिखाया गया था, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। लेखपाल ने बताया कि सांप के काटने से हुई मौत पर सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है। यदि महिला की मौत सांप के काटने से हुई है, तो उनके परिजनों को नियमानुसार अनुदान मिलेगा।

# भ्रामक वीडियो वायरल का आरोपी जेल भेजा

ललितपुर। थाना जाखौरा पुलिस ने झूठी और भ्रामक वीडियो प्रसारित करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना जखौरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 280/2025 धारा 353(1)बी/356(2) बीएनएस व 66 ई (डी) आईटी एक्ट मे वांछित एक नफर अभियुक्त विजय पुत्र दयाराम अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम धुरवारा थाना जखौरा जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत खाद की दुकान की लाइन में लगे एक व्यक्ति द्वारा खाद



न मिलने पर फांसी लगाने का भ्रामक वीडियो प्रसारित होने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर थाना जखौरा पुलिस द्वारा तत्काल उक्त वीडियो के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो पता चला कि उक्त वीडियो थाना जखौरा निवासी विजय पुत्र दयाराम अहिरवार द्वारा अपने इन्स्टाग्राम पर डालकर प्रसारित किया गया था, जो जनपद ललितपुर से सम्बन्धित नही था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जखौरा पर विजय उपरोक्त आदि 02 व अज्ञात न्यूज चैनल के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## प्रयागराज में किन्नरों ने तलवारें लहराईं

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर टीना मां अब सनातनी किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर बन गईं हैं। चर्चा है कि ममता कुलकर्णी के किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर बनाए जाने के बाद से वह नाराज चल रही थीं। प्रयागराज में पट्टाभिषेक से पहले टीना मां संगम से जल लेकर पहुंचीं। बैरहना स्थित आश्रम में गुरु अंजलि ने उनका पट्टाभिषेक कराया। इसके बाद टीना मां ने सनातनी किन्नर अखाड़े के नए ध्वज को फहराया। टीना मां के पट्टाभिषेक के बीच 51 ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार किया। इस दौरान काशी से 20 से अधिक डमरू वादक भी पहुंचे। बैंडबाजों की धुन पर किन्नरों ने जमकर डांस किया। हाथों में तलवार-त्रिशूल लेकर किन्नरों ने करतब भी दिखाया। टीना मां ने पट्टाभिषेक के बाद संजनानंद गिरी को महामंडलेश्वर और संध्यानंद गिरी को श्रीमहंत बनाने की घोषणा की।

# डीएम -एसपी ने पैदल गश्त कर व्यापारी व लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्यप्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली,ललितपुर क्षेत्रातंर्गत पैदल गश्त/भ्रंमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा दो व चार पहिया वाहनों की चेकिंग कर वाहन चालको को हेल्मेट/सीट बेल्ट लगाने आदि के संबंध में जागरूक किया गया। पैदल गस्त के दौरान व्यपारीगण व आमजनमानस से संवाद कर रोड़ पर अवैध अतिक्रंमण स्वेच्छा से हटाने हेतु बताया गया। व्यापारीगण द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की सहमति दी और प्रशासन के इस अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया। एसपी द्वारा थाना/चौकी प्रभारी कोतवाली व यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे किए जा रहे अवैध अतिक्रमणों को हटवाएं तथा



यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखें। अतिक्रमण न केवल आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न करता है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ाता है। एसपी द्वारा छोटे दुकानदारों एवं ठेला-रेहड़ी वालों को सड़क से किनारे निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसपी द्वारा थाना/चौकी प्रभारी कोतवाली को रात्रि में नियमित रूप से सदिग्ध वाहनो / व्यक्तियों की चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात प्रभारी को शहर के प्रमुख चौराहों/ तिराहों पर, दो पहिया/चार पहिया वाहन चालको की नियमति रूप से चेकिंग कर, वाहन चालको/आमजनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरूक कर यातायात नियमों का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई : एक दिन में 97 वाहनों के चालान

## सड़क दुर्घटनाओं के कमी लाने के उद्देश्य से यात्री बसों की विधिवत जांच की गई

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यात्री बसों की जांच की गई जांच के दौरान बसों की फिटनेस, बीमा, परमिट, आदि के साथ साथ फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमक यंत्र, और प्रेशर हॉर्न की जांच की गई। जांच के दौरान 3 वाहनों का प्रेशर हॉर्न में चालान, वा फर्स्ट एड बॉक्स व अग्निशामक यंत्र न होने के कारण 7 बसों का एम वी एक्ट की सुसंगत



धाराओं में चालान किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये। शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये। चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की। सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया। बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें। वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें। सड़क पर सदैव अपनी वायीं दिशा में चलें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/ईयर फोन आदि का प्रयोग न करें। ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन न चलाये। वाहन के साथ स्टंटबाजी करके न चलाये। अपने वाहन में हूटर/मोडिफाइड साईलेन्सर/मानक के विपरीत तीव्र ध्वनि वाले होर्न का प्रयोग न करें। यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 97 वाहनों का चालान किया गया।

# महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा-सशक्तिकरण पर किया जागरूक

**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/ कस्बा/ मोहल्ला/ शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/ चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर हेल्पलाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया गया जागरूक। थाना बार मिशन शक्ति टीम द्वारा रघुवीर इण्टर कालेज कस्बा बार की बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 ,सी0एम0 हेल्प लाइन 1076,



स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

थाना मड़ावरा मिशन शक्ति टीम द्वारा सरस्वती इंटर कॉलेज मड़ावरा की बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 ,सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया व विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के विषय में जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शेख हसीना के बहाने भगोड़े जाकिर को बचाने में जुटा बांग्लादेश; विदेश मंत्रालय ने दिया ये बयान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के राजनीतिक हालात ठीक नहीं हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में मिली शरण ?का बहाना लेकर बांग्लादेश भारत के दुश्मन जाकिर नाईक को बचाने में जुट गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि किसी भी राष्ट्र को दूसरे देश के भगोड़े को शरण नहीं देनी चाहिए। प्रवक्ता ने यह प्रतिक्रिया भारत में भगोड़ा घोषित विवादित मौलाना जाकिर नाईक के बांग्लादेश में प्रस्तावित कार्यक्रम पर भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से चिंता जताए जाने पर दी। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एसएम महबूबुल आलम ने कहा, हमने भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की किसी धार्मिक उपदेशक की बांग्लादेश यात्रा की संभावना के बारे में की गई टिप्पणी पर ध्यान दिया है। हमारा यह भी मानना है कि भारत समेत किसी भी देश को किसी भी अन्य देश के आरोपी या भगोड़े व्यक्ति को शरण नहीं देनी चाहिए। आलम का इशारा बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की तरफ था, जिन्होंने भारत में शरण ले रखी है। अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर रखा है। स्पार्क इवेंट मैनेजमेंट नामक एक कंपनी ने हाल ही में एक फेसबुक पोस्ट में कहा था कि वह विवादित मौलाना जाकिर नाईक को बांग्लादेश लाएगी। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने जाकिर की एक महीने की यात्रा को मंजूरी दी है। उसकी बांग्लादेश यात्रा 28 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान वह देशभर में घूमेगा और भाषण देगा।

### केन्या में भूस्खलन से 21 लोगों की मौत, 1,000 मकान तबाह

**नरौबी, एजेंसी।** केन्या के पश्चिमी रिफ्ट घाटी क्षेत्र में भूस्खलन से 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य लोग लापता हो गए। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी भारी बारिश के कारण पश्चिमी केन्या की एल्गेयो मारक्वेट काउंटी में चेसोनगोच के पहाड़ी इलाके में शनिवार को हुए भूस्खलन से 1,000 से अधिक मकान तबाह हो गए। सरकार ने गंभीर रूप से घायल 30 लोगों को हवाई मार्ग से एल्डोरेट शहर के एक अस्पताल में पहुंचाया है। गृह मंत्री किपचुम्बा मुर्कोमेन ने कहा कि सरकार प्रभावित लोगों के रहने के लिए वैकल्पिक क्षेत्र की पहचान करने का प्रयास कर रही है। स्थानीय निवासी स्टीफन किटनी ने सिटीजन टेलीविजन स्टेशन को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और वे अपने बच्चों के साथ घर से बाहर भागे। भारी बारिश के बावजूद शनिवार को भी बचाव कार्य जारी रहा और आपदा एजेंसियों ने मलबे में लापता लोगों की तलाश जारी रखी। चेसोनगोच के पहाड़ी इलाके में अकसर भूस्खलन होता रहता है।

### इटली में पांच जर्मन पर्वतारोहियों की मौत

रोम, एजेंसी। इटली के उत्तरी हिस्से में साउथ टायरोल में एक हिमस्खलन में पांच जर्मन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। बचावकर्मियों ने रविवार को यह जानकारी दी। तीनों के शव (दो पुरुष और एक महिला) शनिवार को ही बरामद कर लिए गए थे, जबकि दो अन्य लापता लोग (एक पुरुष और उसकी 17 वर्षीय बेटी) रविवार सुबह मिल गए। अल्पाइन रेस्क्यू के प्रवक्ता फेडरिको काटानिया ने कहा, वे उस खाई के निचले हिस्से में फंस गए थे जहां हिमस्खलन हुआ था। बचाव टीम अब घाटी लौट रही है, साथ ही ऊंचाई पर बिगड़ते मौसम की स्थिति को भी ध्यान में रखा जा रहा है। सभी जर्मन पर्वतारोही शनिवार को लगभग चार बजे हिमस्खलन की चपेट में आए थे। वे ऑर्टल्स पर्वत श्रृंखला के पास सिमा वर्टाना की चढ़ाई कर रहे थे, जिसकी ऊंचाई 3,500 मीटर (11,500 फीट) से अधिक है। बचावकर्मियों ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि पर्वतारोही इतनी देर क्यों चढ़ाई कर रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पर्वतारोही तीन अलग-अलग समूहों में थे और एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से यात्रा कर रहे थे। दो पुरुष इस हादसे में बच गए और उन्हें हेलिकॉप्टर से पास के बोल्जानो शहर के अस्पताल में ले जाया गया।


### नेपाल में प्रचंड की पार्टी समेत सात वाम दलों ने किया 18 सूत्रीय समझौता

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में राजनीतिक हलचल के बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी सेंटर) समेत सात वामपंथी दलों ने एक 18 सूत्रीय एकता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रविवार देर रात काठमांडो में हुए इस समझौते से देश में एक एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी के गठन का रास्ता साफ हो गया है। दस्तावेज में कहा गया है कि आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा और जरूरत पड़ने पर सड़कों, संसद व सरकार-तीनों मोर्चों पर सक्रिय रहेगा। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले दलों में सीपीएन , सीपीएन, नेपाल सोशलिस्ट पार्टी, सीपीएन (सोशलिस्ट), जन समाजवादी पार्टी, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी व सीपीएन (साम्यवादी) शामिल हैं।

# ताइवान पर हमले को लेकर ट्रंप की चीन को धमकी, बोले- पता चल जाएगा तब क्या होगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान पर हमले को लेकर चीन को चेताया है और धमकी देते हुए कहा कि इसके गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने कहा कि जब तक वे राष्ट्रपति हैं, तब तक चीन, ताइवान पर हमला नहीं करेगा क्योंकि उन्हें पता है कि इसका परिणाम क्या होगा। गौरतलब है कि अमेरिका ताइवान पर चीन की सैन्य कार्रवाई के विरोध में है और खुलकर ताइवान को समर्थन देता है। इसके चलते अमेरिका और चीन के बीच गहरे मतभेद हैं।

**ताइवान पर चीन की सैन्य कार्रवाई के सवाल पर ट्रंप का जवाब :** सीबीएस के साथ एक इंटरव्यू में जब ट्रंप से पूछा गया कि अगर चीन, ताइवान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करता है तो क्या अमेरिका की सेना, ताइवान की रक्षा के लिए भेजी जाएगी? तो इसके जवाब में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि 'आपको पता चल जाएगा कि क्या होगा। वह भी अच्छी तरह समझते हैं कि हमारा क्या जवाब होगा।' माना जा रहा है कि यहां वह से ट्रंप का मतलब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से है। ट्रंप ने आगे कहा कि 'ऐसा कल ही नहीं होने वाला और हो सकता है कि कभी न हो, क्योंकि वे जानते हैं और इसका असर को अच्छी तरह समझते भी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इंटरव्यू ले रहे पत्रकार से कहा कि 'आप सवाल पूछ रहे हैं



इसका मतलब ये नहीं कि मैं आपको सबकुछ बता दूंगा, लेकिन वे (चीन) समझते हैं कि क्या होगा।' गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में दक्षिण कोरिया में चीन और अमेरिका के नेताओं की मुलाकात हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनी।

**परमाणु हथियारों को लेकर दिया चौंकाने वाला बयान :** इस इंटरव्यू में ट्रंप ने परमाणु परीक्षण को लेकर भी एक चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि 'हमारे पास किसी भी देश की तुलना में बहुत ज्यादा परमाणु हथियार हैं और हमें परमाणु निरस्त्रीकरण के बारे में कुछ करना चाहिए। मैंने इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से भी बात की। हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं, जो पूरी दुनिया को तबाह कर सकते हैं। रूस के पास भी बहुत सारे हैं और चीन के पास भी।' ट्रंप ने कहा कि वे नहीं चाहते कि अमेरिका इकलौता देश हो, जो परमाणु परीक्षण न कर रहा हो।

**अमेरिका और चीन के रक्षामंत्रियों ने ताइवान मुद्दे पर बात की :** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने 31 अक्टूबर को मलेशिया में चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जुन से बातचीत की। उन्होंने ताइवान और साउथ चाइना सी में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अमेरिका इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखेगा और अपने हितों की रक्षा करेगा। हेगसेथ ने बताया कि अमेरिका टकराव नहीं चाहता, लेकिन अपनी सैन्य मौजूदगी मजबूत रखेगा। जवाब में चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन ने कहा कि अमेरिका को ताइवान के मामले में सावधानी से काम करना चाहिए और ताइवान की स्वतंत्रता के समर्थन से बचना चाहिए।

**चीन को ताइवान हमले की ट्रेनिंग दे रहा रूस :** ब्रिटिश डिफेंस थिंक टैंक रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज ने दावा किया है कि रूस ताइवान पर 'एयरबोर्न अटैक' के लिए चीनी पैराट्रूपर्स को टैंक, हथियार व तकनीक मुहैया करा रहा है। पीएलए के पैराट्रूपर्स को रूस में सिम्युलेटर और ट्रेनिंग इक्विपमेंट के जरिए ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद चीन में एक साथ ट्रेनिंग होगी, जिसमें रूसी सेना उन्हें लैंडिंग, फायर कंट्रोल और मूवमेंट की ट्रेनिंग देगी।

## मार्क कार्नी बोले- भारत के साथ रिश्तों में प्रगति, रूस से व्यापारिक तनाव के बीच नई साझेदारियों पर जोर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ रिश्तों में 'अच्छी प्रगति' कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कनाडा अब अमेरिका पर निर्भरता घटाने और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ नए आर्थिक रिश्ते मजबूत करने पर ध्यान दे रहा है। कार्नी ने शनिवार को कहा, 'हम दुनिया भर में नई साझेदारियां बना रहे हैं। और इससे बेहतर जगह कोई नहीं हो सकती जितना कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 60 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने बताया कि कनाडा ने इंडोनेशिया के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है, फिलीपींस और थाईलैंड के साथ बातचीत जारी है, और चीन के साथ रिश्तों में भी एक नया मोड़ आया है। भारत को लेकर उन्होंने कहा, 'हम भारत के साथ भी प्रगति कर रहे हैं। हालांकि मेरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधी मुलाकात नहीं हुई, लेकिन हमारे विदेश मंत्री और अन्य मंत्री भारत से लगातार संवाद में हैं।' पीएम कार्नी ने जोर दिया कि कनाडा अपनी ताकत पहले घरेलू स्तर पर बढ़ा रहा है और साथ ही विदेशों में साझेदारियां बनाकर अमेरिका पर निर्भरता कम करने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है।

## प्रधानमंत्री कार्की ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की मुलाकात, पांच मार्च के आम चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और सभी सात प्रांतों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री के प्रेस समन्वयक राम बहादुर रावल ने बताया कि यह बैठक इसलिए बुलाई गई थी ताकि बदलते राजनीतिक हालात में केंद्र और राज्यों की सरकारों के बीच बेहतर संवाद और तालमेल बन सके। सुशीला कार्की (73 वर्षीय) 12 सितंबर को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं। इससे पहले भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के लिए के खिलाफ युवाओं ने जेन-जेड आंदोलन किया था। जिसके कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पद से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। यह बैठक प्रधानमंत्री की चुनाव की तैयारियों को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और हितधारकों के साथ चल रही सलाह-मशविरा की श्रृंखला का हिस्सा थी। कार्की चुनाव से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों और जेन जेड समूह के नेताओं के साथ बैठकें कर सहमति बनाने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को उन्होंने नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा और बिश्व प्रकाश शर्मा के साथ चर्चा की, ताकि चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की स्थिति स्पष्ट हो। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, एक घंटे की इस बैठक में चुनाव की तैयारियों,



कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधारने और अन्य जरूरी कार्यों पर फोकस किया गया। नेपाली कांग्रेस के नेताओं ने प्रधानमंत्री को चुनाव में पार्टी की भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। थापा और शर्मा ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस जल्द ही जेन जेड समूह और अन्य राजनीतिक दलों के साथ गंभीर संवाद करेगी। सुरक्षा मुद्दों और चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए कार्की ने 21 अक्तूबर को पहली बार कार्यवाहक सरकार के गठन के बाद प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। इस बैठक में भंग हुई प्रतिनिधि सभा के कई प्रमुख राजनेता शामिल हुए। प्रधानमंत्री कार्की ने सभी दलों से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग मांगा, जबकि नेताओं ने सरकार से चुनाव के लिए अनुकूल माहौल बनाने का अनुरोध किया। इससे पहले 25 अक्तूबर को नेपाल के गृहमंत्री ओम प्रकाश आर्याल ने सभी संबंधित पक्षों को आमंत्रित किया था और पांच मार्च के आम चुनाव से पहले सड़कों पर प्रदर्शन करने के बजाय कार्यवाहक सरकार के साथ संवाद करने का सुझाव दिया था।

## सर्बिया में राष्ट्रपति वूचिच के खिलाफ प्रदर्शन तेज, रेलवे हादसे की बरसी पर भड़का विरोध

**बेलग्रेड, एजेंसी।** सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में रविवार को राष्ट्रपति अलेक्जांडर वूचिच के समर्थकों और विरोधियों के बीच तीखे टकराव की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ने पर सैकड़ों दंगा-रोधी पुलिसकर्मी दोनों समूहों के बीच दीवार बनकर खड़े हो गए। इस दौरान लोगों ने बोतलें और पटाखे एक-दूसरे पर फेंके। यह तनाव उस समय बढ़ा जब एक दिन पहले उत्तरी शहर नोवी साद में रेलवे स्टेशन हादसे की पहली बरसी पर हजारों लोग इकट्ठा हुए। पिछले साल हुए इस हादसे में 16 लोगों की मौत हुई थी, जिससे शुरू हुआ युवाओं का विरोध आंदोलन अब वूचिच सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक अभियान बन गया है।

बेलग्रेड में प्रदर्शनकारी दिजाना हरका के समर्थन में जुटे, जिनके बेटे स्टेफन हरका की मौत इसी हादसे में हुई थी। उन्होंने रविवार को संसद के पास स्थित वूचिच समर्थकों के टेंट कैंप के बाहर भूख हड़ताल शुरू की। नोवी साद और अन्य छोटे शहरों में भी लोगों ने उनके समर्थन में प्रदर्शन किए।

क्या है आंदोलनकारियों का आरोप?

मामले में आंदोलनकारियों का आरोप है कि नोवी साद स्टेशन के पुनर्निर्माण में सरकारी भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ, जिसमें स्टेशन की छत गिर गई थी। हरका ने अपने बेटे और बाकी 15 पीड़ितों के लिए न्याय और जवाबदेही की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि गिरफ्तार सभी प्रदर्शनकारियों को रिहा किया जाए और जल्द चुनाव कराए जाएं, जैसा कि छात्र आंदोलन के नेता मांग रहे हैं। बता दें कि राष्ट्रपति वूचिच ने मार्च में बेलग्रेड में अपने समर्थन में कैसिलैंड नाम का टेंट कैंप लगवाया था, जो अब उनके कार्यालय और संसद के बीच सुरक्षा घेरे की तरह काम कर रहा है। पुलिस लगातार इस इलाके की निगरानी कर रही है, जो आम नागरिकों के लिए बंद है।

इसके बाद हाल के महीनों में सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर कड़ी कार्रवाई की है। सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया है और कई रैलियों को बलपूर्वक खत्म किया गया। वहीं सरकारी मीडिया ने छात्र नेताओं को आतंकवादी बताकर उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है।

## ट्रंप का चौंकाने वाला बयान, कहा- हमारे पास दुनिया को 150 बार तबाह करने के लिए पर्याप्त हथियार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु परीक्षण करने का आदेश देने के बाद से ही हंगामा मचा हुआ है, लेकिन ट्रंप अपनी बात पर अड़े हैं। अब उन्होंने एक चौंकाने वाले बयान में कहा है कि अमेरिका के पास दुनिया को तबाह करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार हैं, लेकिन फिर भी अमेरिका को परमाणु परीक्षण करने की जरूरत है। ट्रंप ने कहा कि रूस और चीन की परमाणु महत्वकांक्षाएं भी अमेरिका के परमाणु परीक्षण करने की वजह है।

**शी जिनपिंग से मुलाकात से पहले ट्रंप ने दिया था परमाणु परीक्षण का आदेश :** सीबीएस के साथ एक इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि परमाणु परीक्षण करने का उन्होंने तब फैसला किया, जब उन्हें



एहसास हुआ कि इतने बड़े परमाणु हथियारों के जखीरे के बावजूद अमेरिका अकेला ऐसा देश नहीं हो सकता, जो परमाणु परीक्षण न करे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीते दिनों दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अमेरिकी रक्षा विभाग को तुरंत परमाणु परीक्षण शुरू करने का आदेश दिया था। ट्रंप के इस बयान की दुनियाभर में आलोचना हुई और विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे दुनियाभर में फिर से परमाणु हथियारों के परीक्षण की होड़ मच सकती है। ट्रंप के परमाणु हथियारों पर बयान ने चौंकाया ट्रंप ने बयान में कहा कि 'हमारे पास किसी भी देश की तुलना में बहुत ज्यादा परमाणु हथियार हैं और हमें परमाणु निरस्त्रीकरण के बारे में कुछ करना चाहिए। मैंने इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से भी बात की। हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं, जो पूरी दुनिया को 150 बार तबाह कर सकते हैं। रूस के पास भी बहुत सारे हैं और चीन के पास भी।' ट्रंप ने कहा कि वे नहीं चाहते कि अमेरिका इकलौता देश हो, जो परमाणु परीक्षण न कर रहा हो। ट्रंप ने कहा रूस ने परमाणु परीक्षण करने का एलान किया और वे ऐसा कर रहे हैं। उत्तर कोरिया भी परमाणु परीक्षण कर रहा है और अन्य देश भी ऐसा कर रहे हैं। हम नहीं चाहते कि हम इकलौता देश रहें, जो परीक्षण न कर रहा हो। अमेरिका ने आखिरी बार ऑपरेशन जूलियन के तहत साल 1992 में परमाणु परीक्षण किया था। अमेरिका और रूस द्वारा परमाणु हथियार परीक्षण ऐसे समय में किया जा रहा है, जब यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों में तनाव है। दोनों देश परमाणु परीक्षण रोकने वाली संधि सीटीबीटी के हस्ताक्षरकर्ता देश हैं। इस संधि पर 187 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, इस्राइल आदि देश भी शामिल हैं।

## ट्रंप का दावा- पाकिस्तान कर रहा परमाणु हथियारों का परीक्षण! रूस, चीन और उत्तर कोरिया भी कर सकते है टेस्टिंग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है जो सक्रिय रूप से परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों की यही प्रवृत्ति दर्शाती है कि अमेरिका के लिए भी अपने परमाणु परीक्षण को फिर से शुरू करना जरूरी हो गया है। सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका ही एकमात्र देश है जिसने परीक्षण रोक रखे हैं। ट्रंप ने कहा, 'रूस परीक्षण कर रहा है, चीन भी कर रहा है, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, इसलिए हम बात करते हैं। जब बाकी देश परीक्षण कर रहे हैं, तो हमें भी करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है और पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। 'हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण कर रहे हैं और अन्य भी कर रहे हैं।' गौरतलब है कि रूस ने हाल में उन्नत परमाणु-सक्षम हथियारों और तकनीकों का परीक्षण किया है। इनमें पोसाइडन अंडरवॉटर ड्रोन शामिल है। इसी को लेकर जब ट्रंप से पूछा गया कि अमेरिका की तरफ से तीन दशक से ज्यादा समय बाद परमाणु परीक्षण फिर शुरू करने के फैसले को लेकर पूछा गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'आपको यह देखना होगा कि ये हथियार कैसे काम करते हैं। रूस ने एलान किया है की कि वे परीक्षण करने जा रहे हैं। उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है, अन्य देश भी कर रहे हैं। हम ही एकमात्र देश हैं जो नहीं कर रहे, और मैं नहीं चाहता कि ऐसा रहे।' उन्होंने कहा कि अमेरिका बाकी देशों की तरह परमाणु हथियारों का परीक्षण करेगा।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं और उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से परमाणु हथियार कम करने पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, 'हमारे पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने जितने परमाणु हथियार हैं। चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात से पहले ट्रंप ने किया था परमाणु परीक्षण शुरू करने का एलान बता दें कि बीते हफ्ते ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु हथियार परीक्षण को तत्काल फिर शुरू करने का एलान किया था। ट्रंप की तरफ से यह घोषणा उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दक्षिण कोरिया में होने वाली मुलाकात से ठीक पहले आई थी। इसके बाद से ही माना जा रहा है कि अमेरिका का आने वाले समय में रूस और चीन जैसी परमाणु शक्तियों से तनाव बढ़ सकता है। ट्रंप ने यह भी बताया कि परीक्षण के लिए तैयारियां पहले से जारी हैं।

## दक्षिण लेबनान में इस्राइली हवाई हमला चार की मौत; सीजफायर के बाद भी पश्चिम एशिया में अशांति बरकरार



**बेरूत, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच दो साल से चल रहे भयावह हिंसक संघर्ष के बाद सीजफायर हुआ। हालांकि उसके बाद भी पश्चिम एशिया में आज भी अशांति बरकरार है। कारण है कि प्रतिदिन गोलीबारी की खबरें आ रही हैं। इसी बीच दक्षिण लेबनान के नबातिये जिले के कफरसिर कस्बे में शनिवार को इस्राइल के हवाई हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए। यह जानकारी लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार हमला स्थानीय समय दोपहर करीब 2:15 बजे, जब एक 'गाइडेड मिसाइल' ने एक कार को निशाना बनाया। इस धमाके से आसपास के इलाके में भारी नुकसान हुआ और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंचे। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने एक दिन पहले ही इस्राइल पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया था। आउन ने कहा था कि इस्राइल उनकी स्थायी शांति वार्ता की पेशकश का जवाब हमलों से दे रहा है।

**इस्राइल के निशाने पर लेबनान क्यों :** बता दें कि इस्राइल और हमास के साथ संघर्ष शुरू होने के बाद 2023 में हिजबुल्लाह ने गाजा में जारी संघर्ष के दौरान हमास के समर्थन में इस्राइल पर हमले शुरू किए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच झड़पें बढ़ीं। नवंबर 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में एक सीजफायर (युद्धविराम) हुआ, लेकिन अभी भी पश्चिम एशिया में अशांति बरकरार है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, युद्धविराम लागू होने के बाद से इस्राइली हमलों में लेबनान के कम से कम 111 नागरिक मारे जा चुके हैं। इनमें पत्रकार और राहतकर्मी भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टस बताती है कि इस्राइली सेना अभी भी दक्षिण लेबनान के कम से कम पांच इलाकों में मौजूद है और लगभग रोज हवाई हमले कर रही है, जिन्हें वह 'हिजबुल्लाह ठिकानों' पर कार्रवाई बताती है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति आउन ने हाल ही में कहा कि उनकी वार्ता की पहल का मकसद इस्राइली कब्जा खत्म करना है। उन्होंने लेबनान की शांति के लिए बातचीत की इच्छा दोहराई। इस्राइल का कहना है कि लेबनान हिजबुल्लाह को रोकने में नाकाम रहा है।

## नहीं थम रहा रूस का यूक्रेन पर हमला, कई राज्यों में भारी तबाही; जेलेंस्की बोले- हर रात हो रहा हमला

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता जा रहा है। दूसरी ओर इसके फिलहाल खत्म होने के भी दूर-दूर तक कोई आसान नहीं दिख रहे हैं। कारण है कि इन दिनों यूक्रेन के अलग-अलग शहरों में रूस ने खूब बम बरसाएं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि रूस कई इलाकों में लगातार हमले कर रहा है, जिनमें नागरिकों की मौतें हो रही है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रूस ने ऊर्जा ठिकानों और आम आबादी के इलाकों को निशाना बनाया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबे पोस्ट में लिखा कि लगभग हर रात रूस हमारे लोगों पर अलग-अलग हथियारों से हमला करता है। ड्निप्रो, जापोरिजझिया, खारकीव, चेर्निहिव और ओडेसा क्षेत्रों में हमले हुए हैं। उन्होंने दावा किया इन हमलों में दुर्भाग्य से कई लोग मारे गए और अनगिनत लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फ एक हफ्ते में रूस ने करीब 1,500 ड्रोन, 1,170 गाइडेड बम और 70 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनसे घरों और ऊर्जा ढांचे को भारी नुकसान हुआ।

**यूक्रेन के कई इलाके में लगातार हो रहे हमले :** बता दें कि रूस ने यूक्रेन के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हमले किए। इसके तहत बीते दिनों निप्रॉपेट्रोस में रूसी हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। इसी क्रम में ओडेसा में रूसी लड़ाकू विमानों ने कई ट्रकों पर बम गिराए, जिससे दो लोगों की



मौत और तीन लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं खेरसोन में रूस ने ड्रोन, तोपों और हवाई हमलों से 20 से ज्यादा गांवों पर हमला किया गया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और कई घरों को नुकसान पहुंचा।

इसके साथ ही माइकोलाइव शहर के पास रूसी इसकंदर-एस मिसाइल गिरी, जिससे एक 20 साल के युवक की मौत और 19 लोग घायल हुए। घायलों में दो बच्चे भी हैं और जापोरिजझियाः यहां भी रूसी हमले में एक नागरिक मारा गया और कई घर तबाह हो गए। कुल मिलाकर हमलों के बाद करीब 60,000 लोगों की बिजली चली गई। यूक्रेन की बिजली कंपनी उक्रेनेर्गो ने कहा है कि देश में अस्थायी बिजली कटौती लागू की जाएगी ताकि सिस्टम को संभाला जा सके।

**ऊर्जा ठिकानों पर बढ़ा खतरा :** रूस के इन दिनों लगातार ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलें को लेकर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस सर्दियों से पहले हमारे ऊर्जा तंत्र को तबाह करना चाहता है। हम अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों की मदद से ऊर्जा ढांचे को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने अमेरिका, नॉर्वे, जर्मनी, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन, इटली, जापान, स्पेन और यूरोपीय आयोग का आभार जताया। अंत में जेंलेंस्की ने कहा कि रूस का लक्ष्य हमारे लोगों को कष्ट देना है, लेकिन हम डटे रहेंगे। हम अपने सहयोगियों के समर्थन के लिए आभारी हैं, यूक्रेन के साथ खड़े हर देश को धन्यवाद।

**पलटवार की तैयारी में यूक्रेन :** हालांकि यूक्रेन ने भी रूसी हमलों के जवाब में कार्रवाई किए। यूक्रेनी एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को क्षेत्र की कोल्त्सेवॉय पाइपलाइन, जो ईंधन की मुख्य सप्लाई लाइन है, उसपर हमला किया गया जिससे तीनों पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं, रूस ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा ने 164 यूक्रेनी ड्रोन गिराए, जिनमें 39 काला सागर और 26 क्रीमिया के ऊपर थे। इसके अलावा, यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के तुआप्से शहर में एक तेल टर्मिनल और टैंकर को नुकसान पहुंचाया।

# महिला विश्व कप जीतने के बाद स्मृति मंधाना को लगा झटका, आईसीसी रैंकिंग में पहला स्थान गंवाया

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की नई महिला एक दिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ड्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 814 हासिल करने में सफल रही।

भारत ने रविवार को खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। नवी मुंबई में सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली रोड्रिग्स ने अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि फोबे लिचफील्ड ने उसी मैच में शतक की बदौलत 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी सातवें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। डिवाइन पहले ही वनडे से संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गयीं।

गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप अब सोफी एक्लेस्टोन को शीर्ष स्थान से हटाने के करीब पहुंच गई हैं। उनके अब 712 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



# यशस्वी ने रणजी में शतक के साथ ही पूरे किये 1000 रन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी आजकल रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। यशस्वी ने रणजी में मुंबई की ओर से शतक लगाने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यशस्वी ने रणजी में अपना पांचवां शतक लगाने के साथ ही घरेलू क्रिकेट में 1000 रन भी पूरे किये हैं।

यशस्वी ने राजस्थान के खिलाफ जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में मुंबई की ओर से दूसरी पारी में शतक लगाया। राजस्थान की टीम ने अपनी पहली पारी 617/7 का विशाल स्कोर बनाने के बाद घोषित की थी। वहीं मुंबई ने पहली पारी में 254 रन बनाए थे। पहली पारी में पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में मुंबई के लिए पारी की शुरुआत करते हुए यशस्वी ने 120 गेंदों पर 11 चौकों की सहायता से शतक लगाया। इस मैच की पहली पारी में उन्होंने अर्धशतक लगाया था और वह 67 रनों पर आउट हुए थे। वहीं राजस्थान की ओर से दीपक हुड्डा ने 248 और कार्तिक शर्मा ने 139 रन बनाये थे। यशस्वी के शतक से टीम हार से बची हुई है।

यशस्वी ने शतक के साथ ही रणजी में अपने 1000 रनों का आंकड़ा भी हासिल कर लिया। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका ये 17वां शतक है, क्योंकि 7 शतक उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में हैं। 5 शतक रणजी ट्रॉफी में और 5 अन्य फर्स्ट क्लास मैचों में उनके नाम हैं। 2-2 शतक उन्होंने रेस्ट ऑफ इंडिया और वेस्ट जोन के लिए लगाये हैं, जबकि एक शतक उन्होंने इंडिया ए के लिए लगाया है। 11 मैचों की 21 पारियों में 3 बार नाबाद रहते हुए वह अब तक 1000 से ज्यादा रन बना चुके हैं। रणजी ट्रॉफी में उनका सर्वाधिक स्कोर 181 रन है।

# अश्विन बीबीएल से बाहर, आईपीएल से रिटायरमेंट लेकर टूर्नामेंट में खेलने चले थे



**मुम्बई (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ~रविचंद्रन अश्विन घुटने की चोट के कारण बिग बैश लीग (BBL) के पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। गेंदबाज और सिडनी थंडर दोनों के लिए यह एक बड़ा झटका है। रइस अनुभवी स्पिनर ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से रिटायरमेंट की घोषणा की थी और थंडर के साथ पूरे सीजन के लिए साइन किया था। अश्विन ने यह फैसला तब लिया जब वह ILT20 नीलामी के पहले राउंड में अनसोल्ड रहे।

शुरुआत में उन्हें सीजन में सिर्फ 3-4 मैच खेलने थे, लेकिन बाद में अनसोल्ड रहने और फिर ILT20 नीलामी से हटने के बाद उन्होंने पूरा सीजन खेलने का फैसला किया था। अश्विन बिग बैश लीग में खेलने वाले सबसे बड़े हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में से एक बनने वाले थे। अश्विन को अब सिडनी थंडर के लिए BBL में डेब्यू करने के लिए एक और साल इंतजार करना होगा।

IPL 2025 मेगा नीलामी में 10.75 करोड़ रुपए में बिकने के बाद अश्विन अपनी कीमत को सही साबित नहीं कर पाए। उन्होंने 9 मैचों में सिर्फ 7 विकेट लिए और काफी महंगे भी साबित हुए। अश्विन ने IPL से रिटायरमेंट के अपने फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि वह दुनिया भर की दूसरी T20 लीग में खेलना चाहते हैं। यह बताना जरूरी है कि भारतीय खिलाड़ियों को दूसरी T20 लीग में तभी खेलने की इजाजत है जब वे इंटरनेशनल क्रिकेट और IPL से रिटायर हो जाएं।

### बिग बैश लीग 2025/26 के लिए सिडनी थंडर की टीम

डेविड वार्नर (कप्तान), वेस अगर, टॉम एंड्रयूज, कैमरन बैनक्रॉफ्ट, सैम बिलिंग्स, ओली डेविस, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट गिल्क्स, क्रिस ग्रीन, रयान हैडली, सैम कोनस्टास, नाथन मैकएंड्रयू, डैनियल सैम्स, तनवीर संघा, शादाब खान

# आईसीसी महिला विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में मंधाना सहित तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल

**–हरमनप्रीत को नहीं मिली जगह**




**दुबई (एजेंसी)।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा की है। इसमें भारत की तीन खिलाड़ियों स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को शामिल किया है। हैरानी की बात है कि इसमें भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का नाम नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की भी 3 खिलाड़ी इस टीम में शामिल हैं, जिनमें कप्तान लॉरा वोल्वार्ट, ऑलराउंडर मारिजैन काप और नडीन डीक्लर्क शामिल हैं। वोल्वार्ट को आईसीसी ने टीम का कप्तान बनाया है। ऑस्ट्रेलिया की भी तीन खिलाड़ी खिलाड़ियों ऐश गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और एलाना किंग को भी इस टीम में जगह मिली है पर इंग्लैंड की एक ही खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन ही अंतिम ग्यारह में शामिल है। टीम में पाकिस्तान की सिद्रा नवाज को विकेटकीपर के तौर पर रखा गया है 12वें नंबर पर इंग्लैंड की नैट स्कीवर ब्रंट को जगह दी गयी है।

### आईसीसी महिला विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट

लॉरा वोल्वार्ट (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, मारिजैन कैप, ऐश गार्डनर, दीप्ति शर्मा, एनाबेल सदरलैंड, नडीन डीक्लर्क, सिद्रा नवाज, अलाना किंग, सोफी एक्लेस्टोन,नैट स्कीवर ब्रंट.

# टेस्ट क्रिकेट को दी जानी चाहये पहली प्राथमिकता : स्टार्क

मेलबर्न ।ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।इसलिए उसे पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिये।स्टार्क ने कहा है कि बिग बैश लीग (बीबीएल) मुकाबलों के लिए टेस्ट कार्यक्रम में फेरबदल नहीं होना चाहिये।साथ ही कहा कि इसे किसी भी टी20 लीग के लिए पीछे नहीं किया जा सकता।



उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट सबसे ऊपर है। इसे टी20 क्रिकेट के लिए जगह नहीं देनी चाहिए, चाहे वह बीबीएल हो, आईपीएल हो या कुछ और।टेस्ट क्रिकेट हमेशा सबसे आगे रहना चाहिये।' स्टार्क ने कहा कि बीबीएल के मैच लगातार दो दिन खेले जा सकते हैं, क्योंकि टी20 प्रारूप में अधिक थकान नहीं होती है उन्होंने वर्तमान समय के छोटे सत्र की भी प्रशंसा की और कहा कि इसका सही प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट हमेशा प्राथमिकता रही है और अब इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।' स्टार्क ने माना है कि आधुनिक क्रिकेट में लीगों की बढ़ती संख्या और फैंचाइज़ी क्रिकेट का आकर्षण खेल की दुनिया बदल रहा है पर मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट ही पहली प्राथमिकता रहेगा।मैं इसी मानसिकता के साथ जब तक खेल सकता हूं, खेलता रहूंगा।स्टार्क ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ फैंक वॉरेल ट्रॉफी जीतने के बाद दो महीने का ब्रेक उनके लिए फायदेमंद रहा।

# जितेश की कप्तानी में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में उतरेगी भारत ए टीम



**–16 नवंबर को होगा पाकिस्तान ए टीम से मुकाबला**

**मुम्बई (एजेंसी)।** जितेश शर्मा की कप्तानी में भारत ए टीम कतर में 14 नववंर से शुरु हो रहे राइजिंग स्टार्स एशिया कप में उतरेगी। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) का यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में 16 नवंबर को भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए टीम से होगा। वहीं 23 नवंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के ग्रुप ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका हैं, जबकि ग्रुप बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई को रखा गया है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत साल 2013 में हुई थी. अब तक इसके छह सत्र खेले गये है।. टूर्नामेंट की शुरुआत अंडर-23 के रूप में हुई थी और बाद में इसे 'ए' टीमों के बची खेला जाने लगा है। पाकिस्तान और श्रीलंका की ए टीमों ने इसे दो-दो बार जीता है, जबकि भारत और अफगानिस्तान की ए टीमों ने इसे एक-एक बार जीता है। साल 2024 में श्रीलंका को हराकर अफगानिस्तान डिफेंडिंग चैंपियन विजेता बनी थी।

टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में में तीन एसोसिएट टीम यानी हांगकांग, ओमान और यूएई की टीमें भी उतरेंगी। इन तीनों को ही मुख्य टीम उतारने की अनुमति है।

### भारत ए टीम इस प्रकार है

जितेश शर्मा (कप्तान ), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजापनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर) और सुयश शर्मा

स्टैंड-बाय खिलाड़ी~ गुरनूर सिंह बराड़, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिजवी और शेख रशीद।

# एशेज की तैयारियों के लिए टी20 सीरीज के बचे हुए मैच नहीं खेलेंगे हेड




सिडनी (ईएमएस)।ऑस्ट्रेलिया के आक्रमक बल्लेबाज ट्रेविस हेड आगामी एशेज सीरीज को देखते हुए भारतीय टीम के खिलाफ जारी टी20 सीरीज से बाहर हो गये हैं।हेड ने सीरीज के शुरुआती तीन मैचों में खेले थे पर अब वह बचे हुए दो मैचों में नहीं खेलेंगी।हेड अब एशेज से पहले अभ्यास के लिए शेफील्ड शील्ड मुकाबले खेलेंगे।टीम मैनेजमेंट के अनुसार बचे हुए दो टी20 मैचों में हेड की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। भी खिलाड़ी को रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल नहीं किया हेड अब 10 नवंबर से शुरू होने वाले दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया मुकाबले में खेलकर लंबे समय के बाद लाल गेंद के प्रारुप में उतरेंगे।हेड पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पा रहे हैं।हाल की 8 पारियों में वह कोई अर्धशतक नहीं बना सके।टीम प्रबंधन चाहता है कि वह एशेज से पहले अपनी फॉर्म और लय वापस पा सकें।हेड के अलाव ऑस्ट्रेलिया के कुछ और खिलाड़ियों को भी भी घरेलू क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी गयी है।ये खिलाड़ी हैं सीन एबॉट और तनवीर संगा।एबॉट न्यू साउथ वेल्स के लिए अगले शील्ड मैच में खेलेंगे, जबकि तनवीर संगा वन–डे कप मुकाबले में खेलेंगे। वहीं स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की वापसी की उम्मीद है। ऐसे में अब टीम संयोजन में बदलाव की संभावना के बीच, मैट शॉर्ट को बचे हुए दो टी20 मैचों पारी की शुरुआत का अवसर मिल सकता है।चौथा टी20 मैच 6 नवंबर कोओवल, गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा।

# नए सीजन से पहले आरसीबी ने बदली कोचिंग टीम, अन्या और रंगराजन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2026 सीजन से पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज अन्या श्रब्सोल को टीम का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है, जबकि मलोलन रंगराजन को हेड कोच पद पर प्रमोट किया गया है।

पिछले सीजन में RCB चौथे स्थान पर रही थी, जिसके बाद यह बदलाव किया गया। श्रब्सोल ने सुनेत्रा परांजपे की जगह ली है, जो पहले इस भूमिका में थीं।

रंगराजन, जो तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर हैं, शुरुआत से ही आरसीबी महिला टीम के सेटअप का हिस्सा रहे हैं और पुरुष टीम के लिए लीड स्काउट की भूमिका भी निभाते हैं। ल्यूक विलियम्स के अनुपलब्ध रहने के कारण यह बदलाव किया गया है, क्योंकि वह इस सीजन एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिग बैश लीग में व्यस्त रहेंगे।



### जनवरी में शुरू होगा WPL 2026 सीजन

महिला प्रीमियर लीग 8 जनवरी से शुरू होकर फरवरी के पहले सप्ताह तक चलेगी। यह बदलाव इसलिए किया गया है ताकि टूर्नामेंट का शेड्यूल पुरुष टी20 विश्व कप 2026 से न टकराए, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे।

### RCB का कोर ग्रुप बरकरार

टीम प्रबंधन ने कप्तान स्मृति मंधाना को रिटेन करने का फैसला किया है। इसके अलावा एलिस पेरी, ऋचा घोष, सोफी मोलिन्यू और श्रेयंका पाटिल को भी टीम के कोर ग्रुप में बनाए रखा जाएगा। आर. मुरलीधर बल्लेबाजी कोच के रूप में और नवनीता गौतम मुख्य फिजियो के रूप में अपनी भूमिका निभाती रहेंगी।

# धर्म को लेकर जेमिमा के ट्रोल्स पर भड़की शिखा पांडे, कहा– हां, वो भगवान की पसंदीदा संतान है



नवी मुम्बई ।भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स ने वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनकी नाबाद 127 रन की पारी ने भारत को रिकॉर्ड जीत दिलाई और टीम को फाइनल में पहुंचाया।लेकिन वर्ल्ड कप जीत के बाद भी कुछ सोशल मीडिया ट्रोल्स ने जेमिमा को उनके धर्म को लेकर निशाना बनाया। इस पर उनकी साथी खिलाड़ी शिखा पांडे ने करारा जवाब दिया।शिखा ने एक्स पर लिखा, 'जिन्हें सच्चाई जाननी है — हां, जेमी भगवान की पसंदीदा संतान है।अगर इससे जलन है, तो कोई कुछ नहीं कर सकता!' जेमिमा को पिछले कुछ सालों से सोशल मीडिया पर नफरत भरे कमेंट्स झेलने पड़े हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा शांत रहकर जवाब दिया।उनके आत्मविश्वास और खेल भावना ने उन्हें फैंस के दिलों में खास जगह दिलाई है।हालांकि फाइनल में वह अपनी सेमीफाइनल जैसी पारी नहीं दोहरा सकीं, मगर उनकी फील्डिंग और एनर्जी ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई।मैच के बाद जेमिमा ने कहा कि टीम ने यह जीत पूरी एकजुटता और समर्पण से हासिल की।

# इस कारण विजेता टीम से असली ट्रॉफी वापस ले लेती है आईसीसी



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में पहली बार आईसीसी विश्वकप जीता है। इस जीत के बाद भारतीय टीम को चमचमाती हुई ट्रॉफी दी गयी पर ये ट्रॉफी टीम अपने साथ नहीं रख सकती। इससे वापस ले लिया जाएगा। इसका कारण है कि आईसीसी विजेता टीमों को असली ट्रॉफी नहीं देती बल्कि इसकी जगह पर टीमों को उस ट्रॉफी की प्रतिकृति ट्रॉफी दी जाती है। मैच के बाद फोटो सूट और अवॉर्ड समारोह में ही टीम को असली ट्रॉफी दी जाती है उसके बाद फोटो सेशन के बाद उनसे ट्रॉफी वापस ले ली जाती है।

ट्रॉफी वापसी लेने का नियम आईसीसी ने कई साल पहले ही बना दिया था। इसके तहत विजेता टीम को ट्रॉफी लौटानी पड़ती है। वह आईसीसी मुख्यालय में रखी जाती है। असली ट्रॉफी की तरह नकली ट्रॉफी में भी सोने और चांदी लगे होंगे। असली ट्रॉफी को चोरी या किसी अन्य कारण होने नुकसान पहुंचाने से बचाने के लिए ऐसा किया जाता है।

### 11 किलो वजन है विश्व कप की असली ट्रॉफी का

विश्व कप ट्रॉफी का वजन लगभग 11 किलो है। इसकी लंबाई करीब 60 सेंटीमीटर है। ट्रॉफी में सोना और चांदी लगी है। ट्रॉफी में स्टंप और बेल्स के आकार के जो तीन कॉलम बने हैं वो चांदी के हैं। ट्रॉफी के शीर्ष पर जो ग्लोब है वह सोने का है। इस ट्रॉफी पर विश्वकप विजेता टीमों के नाम लिखे हैं।

# अब अगले साल ही मैदान पर उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

नई दिल्ली ।आईसीसी एकदिवसीय महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम अब अगले साल की शुरुआत में ही मैदान में उतरेगी।ऐसे में उसकी खिलाड़ियों के पास जीत का जश्न मनाने के साथ ही खेल से ब्रेक लेने का भी अच्छा समय है।हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार खिताब जीता है।भारतीय टीम को अब फरवरी 2026 में ही ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है।भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में तीन टी20, तीन एकदिवसीय और एक टेस्ट मैच खेलना है। इस दौरे की शुरुआत टी20 सीरीज से होगी। इसके बाद एकदिवसीय और टेस्ट सीरीज रखी गयी है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच पहला टी20 मैच 15 फरवरी को सिडनी में खेला जाएगा।वहीं सीरीज का दूसरा टी20 मैच 19 को कैनबरा में जबकि आखिरी टी20 मैच 21 फरवरी को एडिलेडे में होगा।टी20 के बाद एकदिवसीय सीरीज 24 फरवरी से बिस्ब्रेन में शुरु होगी।वहीं दूसरा एकदिवसीय 27 फरवरी जबकि तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच एक मार्च को होबार्ट में खेला जाएगा।इसके बाद6 मार्च से पर्थ में खेला जाएगा ।

ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद भारतीय महिला टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी।टीम मई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी।इसमें उसे 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है।इस सीरीज का आयोजन 28 मई से 2 जून तक होगा।इसके बाद टीम इंडिया को टी20 विश्व कप में खेलना है जिसका आयोजन इंग्लैंड में ही होना है।टी20 विश्व कप में भारतीय टीम 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।यह मुकाबला बर्मिंघम में खेला जाएगा।

# वर्ल्ड कप जीत के बाद युवाओं के लिए हरमनप्रीत का प्रेरणादायक संदेश: सपने देखना कभी मत छोड़ो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का बचपन का सपना आखिरकार रविवार रात सच हो गया, जब उन्होंने नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर भारत को पहला वनडे विश्व कप खिताब दिलाया।

विश्व कप जीतने के बाद हरमनप्रीत ने देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश दिया, 'सपने देखना कभी मत छोड़ो, क्योंकि कौन जानता है तुम्हारी किस्मत तुम्हें कहां ले जाए।'

बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में हरमनप्रीत ने अपने बचपन के दिनों को याद किया जब वह अपने पिता के बड़े बल्ले से खेला करती थीं। उन्होंने कहा, 'जब से मुझे पसंद-नापसंद का अहसास हुआ, तभी से हाथ में बल्ला देखा है। पापा अपने पुराने बल्ले को छोटा करके मेरे लिए बनाते थे। तभी से सपना देखा कि एक दिन भारत के लिए खेलूं।'

हरमनप्रीत ने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता था कि महिला क्रिकेट भी होती है, लेकिन सपना सिर्फ यही था कि मैं वो बदलाव लाना चाहती हूं जिससे देश में महिलाओं के लिए क्रिकेट का नाम हो।'

36 वर्षीय कप्तान ने कहा, 'यह पल मेरे लिए बेहद भावनात्मक है। बचपन से यही सपना था – टीम इंडिया को विश्व कप जिताना। और जब मौका मिला, तो भगवान ने हर दुआ सुन ली। अब हम विश्व चैंपियन हैं, और यह अहसास शब्दों से परे है।'

उन्होंने 2017 विश्व कप फाइनल की हार को भी याद किया, जब भारत इंग्लैंड से 9 रन से हार गया था। 'वो हार बहुत दर्दनाक थी, लेकिन उसी ने हमें और मजबूत बनाया। तब से पूरा देश हमारे साथ खड़ा रहा, और आज हम सबने मिलकर ये सपना पूरा किया।'

अंत में हरमनप्रीत ने कहा, 'यह जीत सिर्फ हमारी नहीं, पूरे देश की है। मैदान पर खेलने वाली हर खिलाड़ी और टीवी पर देखने वाले हर फैन की जीत है।'



## स्पाइसजेट ने संजय कुमार को बनाया कार्यकारी निदेशक



**मुंबई** घरेलू विमान कंपनी स्पाइसजेट ने अनुभवी विमानन पेशेवर एवं इंडिगो के पूर्व मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार को कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। स्पाइसजेट ने कहा कि कुमार, कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी भूमिका में विमान कंपनी की रणनीतिक पहलों का नेतृत्व करेंगे। वह सीधे स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह के अधीन काम करेंगे। सिंह ने कहा` कि विमानन व्यवसाय की उनकी गहरी समझ और सिद्ध नेतृत्व क्षमता स्पाइसजेट के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करने में बहुमूल्य साबित होगी। उनकी रणनीतिक अंतर्दृष्टि और कार्यान्वयन क्षमता के साथ हमें अपनी विकास यात्रा को गति देने तथा एक अग्रणी एवं ग्राहक-केंद्रित विमान कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने का पूरा विश्वास है।

## भारत में अमीरों की संपत्ति में तेजी, वैश्विक असमानता संकट पर

### शीर्ष एक फीसदी अमीरों की संपत्ति में भारी बढ़ोतरी



**नई दिल्ली** दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता में जारी रिपोर्ट में पता चला है कि भारत के शीर्ष एक फीसदर अमीरों की संपत्ति 2000 से 2023 के बीच 62 प्रतिशत तक बढ़ी। चीन में यह वृद्धि 54 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वैश्विक असमानता संकट स्तर पर पहुंच चुकी है। एक नोबेल पुरस्कार विजेता के नेतृत्व में अध्ययन में पाया गया कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक फीसदी लोगों ने 2000-2024 के बीच नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त किया, जबकि निचले 50 फीसदी आबादी को केवल एक फीसदी हिस्सा मिला।रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन और भारत जैसे बड़े देशों में प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से वैश्विक स्तर पर उच्च आय वाले देशों का हिस्सा कुछ कम हुआ है। अत्यधिक असमानता वाले देशों में लोकतंत्र का पतन सात गुना अधिक होता है। 2.3 अरब लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं और 1.3 अरब लोग स्वास्थ्य पर खर्च के कारण गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं।

## ओपनएआई और एडब्यूएस के बीच 38 बिलियन डॉलर की रणनीतिक साझेदारी

### नई डील से ओपनएआई को एडल्यूएस के एडवांस क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिलेगा

**नई दिल्ली** ओपनएआई ने एमेजार वेब सीरीज (एब्ल्यूएस) के साथ सात साल की रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 38 बिलियन डॉलर बताई जा रही है। इस समझौते के तहत ओपनएआई को एडब्ल्यूएस के एडवांस क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और कंप्यूटिंग क्षमता तक पहुंच मिलेगी, जिससे कंपनी अपने तेजी से बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कार्यभार को संभाल सकेगी। ओपनएआई के ब्लॉग पोस्ट के अनुसार एडब्ल्यूएस के ईसी2 अल्ट्रासे र्विसेज का उपयोग किया जाएगा, जिनमें हजारों एने विडिया जीबी 200 और जीबी 300 जीपीयू लगे होंगे। ये सर्वर लाखों सीपीयूएस तक स्केल कर सकते हैं, जिससे ओपनएआई को अपनी अगली पीढ़ी की एआई मॉडलिंग और चेटजीपीटी विकास को गति देने में मदद मिलेगी।

## रेनो इंडिया की बिक्री अक्टूबर में 21 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली** वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो इंडिया की अक्टूबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 4,672 इकाई हो गई। फ्रांस की कार विनिर्माता कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में 3,861 इकाइयों की थोक बिक्री की थी।रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) फ्रांसिस्को हिडाल्गो ने बयान में कहा` कि अक्टूबर में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसमें नई पेशकश ट्राइबर और किगर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया मुख्य वजह रही।''उन्होंने कहा कि इन मॉडल को लेकर शहरी एवं ग्रामीण बाजारों में काफी रुचि दिखाई दी जो त्योहारों के दौरान नए उपभोक्ता विश्वास एवं जीवंत मांग को दर्शाता है।

## टाटा मोटर्स ने अपने कारोबार को दो अलग-अलग हिस्सों में बांटा

### 1 अक्टूबर 2025 से डिमर्जर लागू, नई कंपनी जल्द ही शेयर बाजार में होगी लिस्ट

**नई दिल्ली**

देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने कारोबार को दो अलग-अलग हिस्सों में बांट दिया है। कंपनी का यह डिमर्जर अब लगभग पूरा हो चुका है। इसके तहत अब टाटा मोटर्स दो स्वतंत्र कंपनियों के रूप में काम करेगी। पहली कंपनी कार और इलेक्ट्रिक वाहनों का कारोबार संभालेगी, जबकि दूसरी कंपनी ट्रक, बस और अन्य कमर्शियल वाहनों का निर्माण करेगी। डिमर्जर योजना के तहत मौजूदा टाटा मोटर्स का शेयर अब टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के नाम से कारोबार करेगा। इसमें कंपनी का कार और इलेक्ट्रिक वाहन व्यवसाय के साथ ब्रिटेन की लग्जरी ब्रांड जगुआर लैंड रोवर में हिस्सेदारी भी शामिल होगी। वहीं, कमर्शियल व्हीकल कारोबार को अलग करके नई कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड बनाई गई है, जो स्वतंत्र रूप से शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी। यह डिमर्जर 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो गया। इसके बाद कंपनी ने 14 अक्टूबर 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि किन निवेशकों को नई कंपनी के शेयर मिलेंगे। जिनके पास इस दिन तक टाटा मोटर्स के शेयर थे, उन्हें 1:1 अनुपात में नई कंपनी के शेयर मिले, यानी एक पुराने शेयर के बदले एक नया शेयर। ये नए शेयर 16 अक्टूबर 2025 को निवेशकों के डिमैट खातों में जमा कर दिए गए। अब नई कमर्शियल वाहन कंपनी को बीएसई और एनएसई से लिस्टिंग की मंजूरी लेनी होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रक्रिया नवंबर के अंत या दिसंबर 2025 की शुरुआत तक पूरी हो जाएगी। तब तक ये नए शेयर निवेशकों के खातों में तो रहेंगे, लेकिन उनकी खरीद-बिक्री संभव नहीं होगी। डिमर्जर से दोनों कंपनियों को अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर वृद्धि और स्वतंत्र रणनीति बनाने का अवसर मिलेगा।




## डीजीसीए विमान कंपनियों के साथ कर रहा मासिक समीक्षा बैठकें



**नई दिल्ली** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मंगलवार से तीन दिन तक एयरलाइनों के अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठकें कर रहा है। इन बैठकों में एयरलाइनों के समय पर कार्य निष्पादन, उड़ानों की समयसीमा, ग्राहक शिकायतों के निवारण और अन्य ऑपरेशनल मुद्दों पर चर्चा होगी। मंगलवार को विशेष रूप से एयर इंडिया और इंडिगो के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। भारत का विमानन बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। बढ़ती यातायात मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइनों और हवाई अड्डों दोनों ने अपनी क्षमता बढ़ाई है। हाल के दिनों में एयरलाइनों को फर्जी बम धमकियों, तकनीकी समस्याओं, उड़ानों के रद्द होने और देरी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। डीजीसीए की यह बैठक इन समस्याओं के समाधान और बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

## अक्टूबर में भारत का अमेरिकी तेल आयात तीन गुना बढ़ा, रूस में हल्की गिरावट



**नई दिल्ली** अक्टूबर 2025 में भारत ने अमेरिका से औसतन 5.93 लाख बैरल प्रति दिन कच्चा तेल आयात किया, जो सितंबर के 2.07 लाख बैरल प्रतिदिन के मुकाबले लगभग तीन गुना अधिक है। यह मार्च 2021 के बाद अमेरिकी तेल आयात का सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं रूस से आयात अक्टूबर में 16.1 लाख बैरल प्रति दिन रहा, जो पिछले साल इसी महीने के 17.3 लाख बैरल प्रति दिन से थोड़ी कम है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद अक्टूबर में आपूर्ति सामान्य रही, क्योंकि ज्यादातर शिपमेंट पहले ही बुक किए गए थे। विश्लेषकों के अनुसार भारत का यह कदम ऊर्जा सुरक्षा और भू-राजनीतिक संतुलन बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा है। केप्लर के प्रमुख विश्लेषक सुमित रितोलिया का कहना है कि अमेरिकी-रूसी कीमतों के अंतर ने अमेरिकी तेल आयात को अल्पकालिक रूप से बढ़ावा दिया है, लेकिन यह वृद्धि स्थायी नहीं है। 21 नवंबर से रोजनेफट और ल्युकाइल पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू होंगे, जो भारत के रूसी तेल आयात का करीब 70 फीसदी हिस्सा हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि दिसंबर-जनवरी में रूसी तेल आयात में गिरावट संभव है। इसके मद्देनजर सरकारी तेल कंपनियां बिचौलियों के माध्यम से खरीद जारी रख रही हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 519 अंक , निफ्टी 165 अंक फिसला




**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन मंगलवार को ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधरित बीएसई सेंसेक्स 519.34 अंक टूटकर 83,459.15 स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 165.70 अंक फिसलकर 25.597.65 स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 250.20 अंक नीचे आकर 57,827.05 स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 250.20 अंक टूटगर 60,037.20 स्तर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 152.50 अंक फिसलकर 18,360.90 स्तर पर बंद हुआ।

सेक्टोरल आधार पर निफ्टी ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और रियल्टी शेयर गिरावट पर बंद हुए। बाजार जानकारों के अनुसार बाजार कमजोर वैश्विक संकेतों और आईटी, मेटल, पावर सेक्टर में बड़े पैमाने पर बिकवाली की वजह से गिरा है। इसक अलावा विदेश निवेशकों की बिकवाली से भी बाजार पर दबाव आया।

इस बीच, सेंसेक्स पैक में , टीएमपीवी, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, बीईएल, एलएंडटी, एनटीपीसी, आईटीसी, और इंफोसिस टॉप के शेयर गिरे जबकि भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम और एसबीआई टॉप के शेयर उछले हैं।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला। बीएसई सेंसेक्स 83,835 अंक के स्तर पर कारोबार करता दिखा, जो 143 अंक नीचे था। वहीं निफ्टी50 25,710 अंक पर नजर आया, जो 54 अंक की गिरावट दर्शाता है। वैश्विक बाजारों की बात करें तो एशिया-प्रशांत के बाजार मंगलवार को ज्यादातर गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए, जबकि वॉल स्ट्रीट में टेक शेयरों की बढ़त देखी गई। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 0.36 फीसदी ` गिरा, जापान का निक्केई 225 0.39 फीसदी डाउन रहा और साउथ कोरिया का कोस्पी 0.32 फीसदी कमजोर हुआ। अमेरिका में, टेक-हेवी नेस्डेक कम्पो जिट 0.46 फीसदी और व्यापक एसएंडपी 500 0.17 फीसदी की हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।

# भारत चीन से आने वाले उत्पादों की मंजूरी प्रक्रिया तेज करेगा

### सीधी उड़ानों और बिज़नेस वीजा जारी करने की प्रक्रिया फिर शुरू हुई

**नई दिल्ली**

भारत सरकार अब चीन से आने वाले उत्पादों की मंजूरी प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यह फैसला हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार के संकेत मिलने के बाद लिया गया है। इस बैठक के बाद सीधी उड़ानों और बिज़नेस वीजा जारी करने की प्रक्रिया फिर शुरू हुई है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

जीएसटी दरों में कटौती के बाद टीवी, वॉशिंग मशीन, फ्रिज और डिशवॉशर जैसी घरेलू उपकरणों की बिक्री तेजी से बढ़ी है। कई ब्रांड्स के पास स्टॉक की कमी हो गई है और सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ गया है। ऐसे में सरकार ने निर्णय लिया है कि विदेशी उत्पादों की मंजूरी प्रक्रिया को तेज किया जाए ताकि बाजार में आवश्यक सामान की कमी न हो। विदेशी उत्पादों की मंजूरी लंबी प्रक्रिया के कारण कई चीनी फैक्ट्रियों के प्रोडक्ट्स भारत में नहीं पहुंच पा रहे थे।

ब्यूरो आफ इंडियन (बीआईएस) की मंजूरी प्रक्रिया को अब तेज और पारदर्शी बनाने पर काम चल रहा है। सरकार ने उद्योगों से उन मामलों की जानकारी मांगी है जिनमें अप्रूवल लंबित है।

हाल ही में चीन ने भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट्स का निर्यात फिर से शुरू किया है। यह इलेक्ट्रिक वाहनों, अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए अहम सामग्री है। इससे संकेत मिलता है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ रहा है और आने वाले महीनों में व्यापारिक रिश्तों में और सुधार होने की संभावना है।

## स्टारबक्स ने चीन के कारोबार में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**सिएटल** वैश्विक कॉफी श्रृंखला स्टारबक्स ने चीन में उसके स्टोर (बिक्री केंद्रों) के संचालन के लिए चीन की निवेश कंपनी बोयू कैपिटल के साथ एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की है। इस समझौते के तहत बोयू चीन में स्टारबक्स के खुदरा संचालन में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए चार अरब अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेगी। स्टारबक्स ने करीब 30 साल पहले चीन में प्रवेश किया था। चीन में इसके 8,000 स्थानों पर बिक्री केंद्र (स्टोर) हैं। अमेरिका के बाहर चीन स्टारबक्स का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि हाल के वर्षों में इस कॉफी कंपनी को चीन में लकिन कॉफी जैसी सस्ती, तेजी से बढ़ती चीनी स्टार्टअप कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा है। पिछले दो वित्त वर्ष में चीन में स्टारबक्स की बिक्री में गिरावट आई है। इसके परिणामस्वरूप स्टारबक्स चीन में खासकर छोटे शहरों में अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद के लिए एक साझेदार की तलाश में था। स्टारबक्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने जुलाई में कहा था कि वे कंपनी में हिस्सेदारी के लिए करीब 20 प्रस्तावों का मूल्यांकन कर रहे हैं। निकोल ने कहा कि बोयू, ग्राहकों एवं कर्मचारियों दोनों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने की स्टारबक्स की प्रतिबद्धता को समझता है। इससे स्टारबक्स को समय के साथ चीन में 20,000 स्टोर तक पहुंचने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

# इस हफ्ते निवेशकों को एचपीसीएल, निप्पॉन लाइफसमेत कई कंपनियों से होगा फायदा

### 6 नवंबर से एक्स-डिविडेंड पर जाएंगी कई दिग्गज कंपनियां

**नई दिल्ली**

इस हफ्ते शेयर बाजार में निवेशकों के लिए खुशखबरी है। कई कंपनियां अपने शेयरधारकों को अंतरिम डिविडेंड देने जा रही हैं। इससे उन निवेशकों को अतिरिक्त कमाई यानी पैसिव इनकम का मौका मिलेगा जो इन कंपनियों के शेयर अपने पास रखते हैं। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल), निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट, शेयर इंडिया सिक्योरिटीज, टीडी पावर सिस्टम्स और वैभव ग्लोबल जैसे शेयर 6 नवंबर 2025 से एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड होंगे। जो निवेशक डिविडेंड का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें 6 नवंबर से पहले इन कंपनियों के शेयर अपने पोर्टफोलियो में रखने होंगे। दरअसल, 5 नवंबर को गुरु नानक देव जी की जयंती (प्रकाश पर्व) के कारण भारतीय शेयर बाजार बंद रहेगा। इन सभी कंपनियों के लिए रिकॉर्ड डेट 6 नवंबर 2025 तय की गई है। यानी इस तारीख तक जिन निवेशकों के नाम कंपनी के रिकॉर्ड में दर्ज होंगे, उन्हें ही डिविडेंड मिलेगा। इनमें सबसे बड़ा डिविडेंड निप्पॉन लाइफइंडिया एसेट मैनेजमेंट ने घोषित किया है- 9 प्रति शेयर। एचपीसीएल ने 5 रुपए, वैभव ग्लोबल ने 1.50 रुपए, टीडी पावर सिस्टम्स ने 1 रुपए और शेयर इंडिया सिक्योरिटीज ने 0.40 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित किया है। इसके अलावा 4 नवंबर को एक्स-डिविडेंड पर रहने वाली कंपनियों में कोल इंडिया, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, सुंद्रम फास्टनर्स, हैपिएस्ट माइंड्स, रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और भंसाली इंजीनियरिंग पॉलिमर्स शामिल हैं।




## चीन की एक कंपनी ने उड़ने वाली कारों का परीक्षण उत्पादन शुरू किया



**बीजिंग**

चीन की एक कंपनी ने उड़ने वाली कारों का इस सप्ताह परीक्षण उत्पादन शुरू किया है। यह अमेरिका की कंपनी टेस्ला और अन्य द्वारा जल्द ही ऐसी कार पेश करने की योजना से पहले किया जा रहा है। चीन की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी एक्सपेंग की सहयोगी कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने हाल ही में बड़े पैमाने पर उड़ने वाली कार बनाने के लिए दुनिया के पहले 'इंटेलिजेंस' कारखाने में परीक्षण उत्पादन शुरू किया। यह अगली पीढ़ी के परिवहन के व्यावसायीकरण में एक उपलब्धि है। एक सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण चीन के गुआंगदोंग प्रांत की राजधानी गुआंगझोउ के हुआंगपु जिले में स्थित 120,000 वर्ग मीटर के इस संयंत्र ने पहले ही अपने मॉड्यूलर फ्लाइंग कार लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर का पहला अलग हो सकने वाला इलेक्ट्रिक विमान तैयार कर लिया है। इस सुविधा को 10,000 अलग किए जा सकने वाले विमान मॉड्यूल की वार्षिक उत्पादन क्षमता के लिए तैयार किया गया है, जिसकी प्रारंभिक क्षमता 5,000 इकाइयों की होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि इसकी उत्पादन क्षमता अपनी तरह के किसी भी कारखाने से सबसे अधिक है।

संयंत्र के पूरी तरह चालू होने के बाद हर 30 मिनट में एक विमान को असेंबल किया जाएगा। एक्सपेंग ने टेस्ला द्वारा अपनी उड़ने वाली कार का संस्करण पेश करने से पहले इस योजना की घोषणा की। अमेरिकी टीवी चैनल फॉक्स ने टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क के हवाले से कहा कि अमेरिकी पॉडकास्टर जो रोगन ने प्रौद्योगिकी के बारे में विशिष्ट जानकारी मांगी थी जैसे कि क्या मोटर वाहन में रिट्रैक्टेबल विंग होगा, लेकिन मस्क ने बस इतना कहा कि यह अनावरण अब तक का सबसे यादगार उत्पाद अनावरण हो सकता है।

## फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स का आईपीओ 7 से 11 नवंबर तक निवेश के लिए खुला




**मुंबई**

देश की अग्रणी फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स का आईपीओ 7 से 11 नवंबर तक निवेश के लिए खुला रहेगा। यह इश्यू भारतीय बाजार में जारी आईपीओ की मौजूदा लहर का हिस्सा होगा। पाइन लैब्स अपने पॉइंट-ऑफ-सेल (पीएसओ) टर्मिनल्स और डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है, जो पेटीएम और वॉलमार्ट-स्वामित्व वाली फोन पे जैसी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करती है। ग्रे मार्केट में फिलहाल कंपनी के शेयर 60 प्रीमियम पर उपलब्ध हैं।

कंपनी ने हाल ही में अपने आईपीओ का आकार घटाने का फैसला लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा निवेशकों द्वारा बेचे जाने वाले शेयरों की संख्या में 44 प्रतिशत की कमी की गई है, जबकि नए शेयरों के जरिए जुटाई जाने वाली पूंजी में 20 प्रतिशत की कटौती की गई है। अब पाइन लैब्स अपने आईपीओ के जरिए 2,080 करोड़ रुपये जुटाएगी, जबकि जून में यह आंकड़ा 2,600 करोड़ रुपये प्रस्तावित था। मौजूदा निवेशकों में पीक एक्सवी पार्टनर्स, पेयपल और मास्टरकार्ड शामिल हैं, जो अब क्रमशः 2.3 करोड़, 67 लाख और 59 लाख शेयर बेचने की योजना में हैं। जून में दायर फाइलिंग के दौरान कंपनी का अनुमानित मूल्यांकन करीब 6 बिलियन डॉलर रखा गया था। इस आईपीओ के जरिए एक्टिस और टेमासेक जैसी फर्में भी अपनी हिस्सेदारी घटा रही हैं। भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आईपीओ बाजार बन गया है, और 2024 में फंड जुटाने का आंकड़ा 20.5 बिलियन डॉलर से पार जाने की उम्मीद है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया जैसी कंपनियों की शानदार लिस्टिंग के बाद, ग्रो एप, लेंस्कर्ट और बोल्ट जैसी तकनीकी कंपनियों के आईपीओ भी जल्द आ सकते हैं।

## यूपी सरकार गैर-हाइब्रिड धान पर एक फीसदी की छूट देगी

### 15 लाख किसानों को होगा लाभ

**लखनऊ**

यूपी सरकार ने नॉन-हाइब्रिड (मोटे) धान पर एक फीसदी की रिकवरी छूट की मंगलवार को घोषणा की जो हाइब्रिड धान पर पहले से दी जा रही छूट के समान है। यह धान से चावल निकालने की प्रक्रिया में होने वाले अनाज की रिकवरी (उपज) पर सरकार द्वारा दी गई रियायत या छूट। इससे राज्य के करीब 15 लाख किसानों को फायदा होगा।

वहीं राजकोष पर 166 करोड़ रुपये का भार बढ़ेगा। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यहां पत्रकारों से कहा कि जब हाइब्रिड धान से चावल निकाला जाता है तो केंद्र सरकार के मानदंडों के अनुसार रिकवरी दर 67 प्रतिशत होती है।

उत्तर प्रदेश सरकार हालांकि पहले से ही हाइब्रिड धान की रिकवरी पर तीन प्रतिशत की छूट दे रही है और इस छूट पर सालाना लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च करती है। खन्ना ने कहा कि यही लाभ अब मोटे धान पर भी लागू किया जाएगा जिसमें एक प्रतिशत की 'रिकवरी' छूट दी जाएगी। इस (छूट) पर 166 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इससे राज्य के लगभग 15 लाख चावल उत्पादक किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इससे मंडियों में किसानों को धान का बढ़ा हुआ भाव मिलेगा। इससे किसानों को सीधा-सीधा फायदा होगा। यह निर्णय किसान व मजदूर हित के साथ-साथ धान मिल संचालकों के भी हित में है। कुल मिलाकर इससे पूरे उद्योग को बल मिलेगा।





# शाहरुख खान से तुलना होने पर हर्षवर्धन राणे का जवाब

हर्षवर्धन राणे ने अपनी संजीदा अदाकारी के जरिए दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। इन दिनों उनकी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत थिएटर्स में लगी है, जिसमें उन्होंने एक जुनूनी आशिक का रोल निभाया है। हाल ही में एक पोर्टल ने हर्षवर्धन की तुलना शाहरुख खान से कर दी। इस पर हर्षवर्धन असहज हो गए।

## शाहरुख खान से की गई तुलना

दरअसल, एक न्यूज पोर्टल ने शाहरुख खान के साथ हर्षवर्धन राणे की तुलना करते हुए लिखा कि कोविड के बाद हर्षवर्धन ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो पहले किसी के नाम दर्ज नहीं था। कोविड 19 के बाद हर्षवर्धन ऐसे स्टार बन गए हैं, जिनकी एक ही साल में दो फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुई हैं। इस मामले में उन्होंने शाहरुख खान के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है, जिनकी कोविड के बाद साल 2023 में पठान और जवान दो फिल्में रिलीज हुई थीं।
हर्षवर्धन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए रिएक्शन दिया है और गुजारिश की है कि शाहरुख खान के साथ उनकी तुलना न की जाए। एक्टर ने लिखा है, उन्होंने एक साल में दो बार अपने गॉड लेवल स्टारडम से ऐसा किया। मेरा एक साल में दो बार उन्हें फॉलो करने से ऐसा हुआ है। प्लीज मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूं कि किसी भी आर्टिकल में मेरा नाम उनके नाम के साथ न लिखें, वह भगवान हैं और मैं उनका एक मामूली पुजारी हूं।

## टेक्निकली हर्षवर्धन की दो फिल्में 2025 में रिलीज हुईं!

रिपोर्ट में कहा गया है कि टेक्निकली हर्षवर्धन की दो फिल्में साल 2025 में आई हैं। दरअसल, इस साल उनकी फिल्म सनम तेरी कसम री-रिलीज हुई, जिसने शानदार कलेक्शन करते हुए 35.55 करोड़ रुपये कमाए। इसके अलावा एक दीवाने की दीवानियत भी करीब 50.86 करोड़ रुपये नौ दिनों में कमा चुकी है। इस तरह हर्षवर्धन की एक साल में रिलीज दोनों फिल्मों ने 85 करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन किया है। वैसे बता दें कि शाहरुख खान की साल 2023 में जवान और पठान के अलावा डंकी भी रिलीज हुई थी। बता दें कि एक दीवाने की दीवानियत में हर्षवर्धन राणे के साथ सोनम बाजवा भी नजर आई हैं।




# जेलर 2 में अहम भूमिका में नजर आएंगी विद्या बालन

## मिथुन चक्रवर्ती बनेंगे विलेन

सुपरस्टार रजनीकांत की साल 2023 में आई फिल्म जेलर बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। नेल्सन के डायरेक्शन में करीब 220 करोड़ के बजट में बनी तमिल एक्शन फिल्म ने देश में 348.55 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन और वर्ल्डवाइड 604.50 करोड़ रुपये की धुआंधार कमाई की थी। इसके बाद से ही इसके सीक्वल जेलर 2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। रजीनकांत इन दिनों कुली की रिलीज के बाद से जेलर 2 की शूटिंग में बिजी हैं और यह 2026 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से है। अब एक दिलचस्प खबर ये आ रही है कि इस सीक्वल फिल्म में विद्या बालन को कास्ट किया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के मुताबिक, जेलर 2 में विद्या बालन एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। इस सीक्वल फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहली फिल्म की घटनाएं खत्म हुई थीं। फिल्म रजनीकांत के केंद्रीय किरदार टाइगर मुथुवेल पांडियन पर ही आधारित होगी, जो एक नए मूर्ति-तस्करी अंडरवर्ल्ड सिंडिकेट से लड़ता है। अपने बेटे की मौत के बाद मुथुवेल की जिंदगी पूरी तरह बदल गई है, जिसकी बानगी भी सीक्वल फिल्म में नजर आएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, विद्या बालन इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। अजित कुमार की फिल्म निर्कोंडा पारवाई में एक छोटी सी भूमिका के बाद तमिल सिनेमा में यह विद्या की दूसरा किरदार है। लेकिन इस बार वह एक फुल लेंथ रोल में नजर आएंगी।

### मिथुन चक्रवर्ती बनेंगे मेन विलेन




रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया कि विद्या इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती की बेटी का किरदार निभाएंगी। मिथुन बड़े पर्दे पर प्रभास की फौजी में भी नजर आने वाले हैं। जबकि जेलर 2 में वह रजनीकांत के सामने मेन विलेन बनकर खड़े होंगे। फिल्म की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है और जनवरी तक शूटिंग खत्म कर इसके पोस्ट-प्रोडक्शन का शुरू होने की उम्मीद है।

### जेलर , 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक की तैयारी

हालांकि, विद्या बालन या फिल्म की प्रोडक्शन टीम की ओर से अभी तक इस ओर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उम्मीद यही है कि जेलर 2 अगले साल 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें नंदमुरी बालकृष्ण, शिव राजकुमार और मोहनलाल के कैमियो की भी चर्चा है।

### जेलर 2 के बाद कमल हासन संग फिल्म करेंगे रजनीकांत



वर्कफ्रंट की बात करें तो रजनीकांत, आगे देखते जेलर 2 की शूटिंग पूरी करने के बाद सुपरस्टार कमल हासन के साथ एक और बड़ी फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वह डायरेक्टर सुंदर सी के साथ भी एक फिल्म करने वाले हैं।



# टिप्स फिल्म्स की नई फिल्म में एक साथ नज़र आएंगे सैफ अली खान और पुलकित सम्राट

बॉलीवुड दर्शकों के लिए एक शानदार सरप्राइज़ तैयार है, क्योंकि सैफ अली खान और पुलकित सम्राट पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नज़र आने वाले हैं। यह फिल्म स्नेहा तौरानी द्वारा निर्देशित होगी, जो मशहूर निर्माता रमेश तौरानी की बेटी हैं। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली यह अनटाइटल्ड फिल्म अनुभव और युवा जोश का एक अनोखा मेल पेश करने का वादा करती है। फिल्म ने आधिकारिक रूप से 27 अक्टूबर 2025 को हुए मुहूर्त समारोह के साथ अपनी शुरुआत की, और तभी से यह प्रोजेक्ट आने वाले साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन चुका है। स्नेहा तौरणी, जिन्होंने भांगड़ा पा ले से अपना निर्देशन करियर शुरू किया था, अब इस नई फिल्म के जरिए एक बार फिर दर्शकों को एक जीवंत और एंगेजिंग सिनेमैटिक अनुभव देने जा रही हैं।सैफ अली खान, जो मेनस्ट्रीम और एक्सपेरिमेंटल सिनेमा के बीच सहजता से जुड़ते रहे हैं, हाल के समय में थिएटर और ओटीटी, दोनों प्लेटफॉर्म्स पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों को प्रभावित कर चुके हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ उनकी मौजूदगी फिल्म को स्टार पावर और गहराई दोनों प्रदान करती है। वहीं पुलकित सम्राट, अपनी करिश्माई स्क्रीन प्रेज़ेंस और एनर्जी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। सैफ के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को एक फ्रेश और दिलचस्प कैमेस्ट्री का अनुभव करा सकती है, जिसमें दो अलग-अलग अभिनय शैलियां मिलकर एक मनोरंजक और भावनात्मक कहानी बुनेंगी। स्नेहा तौरणी के निर्देशन और रमेश तौरणी के प्रोडक्शन के साथ, सैफ अली खान और पुलकित सम्राट की यह फिल्म 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक बनती जा रही है, जिसमें दमदार परफ़ॉर्मेंस, टैलेंटेड टीम और एक नई सिनेमैटिक विज़न का परफेक्ट संगम नजर आएगा।



# सोनाक्षी सिन्हा ने किया खुलासा 'जटाधरा' के किन पहलुओं ने किया आकर्षित


**साउथ अभिनेता सुधीर बाबू अभिनीत आगामी फिल्म जटाधरा में सोनाक्षी सिन्हा अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री की यह पहली साउथ फिल्म होने वाली है, जिसमें उन्हें खौफनाक अंदाज में देखा जाएगा। इस फिल्म की कहानी और अपने किरदार के बारे में सोनाक्षी ने बात की है।**

## इस फिल्म में होगा सोनाक्षी का सबसे अलग किरदार

अभनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने एएनआई से बात करते हुए अपनी आगामी फिल्म जटाधरा पर बात की। अभिनेत्री को जब ये फिल्म ऑफर हुई थी, तो उस दौरान के अनुभव को एक्ट्रेस ने साझा किया है। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म में मेरी एक अलग भूमिका है, इसकी कहानी बहुत ही अलग है। यह सुपरनैचुरल और माइथोलॉजिकल फिल्म है, इसमें मिट्टी से जुड़ी कहानी है। आपने मुझे पहले कभी इस रोल में नहीं देखा होगा। यह मेरी पहली तेलुगु फिल्म है, इन्हीं सब कारणों की वजह से मैंने यह फिल्म चुनी।'

## कब रिलीज होगी फिल्म?

यह फिल्म 7 नवंबर 2025 को हिंदी और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें दिव्या खोसला, सोनाक्षी सिन्हा, सुधीर बाबू और शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी और रोहित पाठक जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माणा जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने मिलकर किया है। इस फिल्म का निर्देशन वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल ने मिलकर किया है।



# आयुष्मान खुराना ने वरुण धवन को बताया बेहतरीन अभिनेता

अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'थामा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म 9 दिनों में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की इस फिल्म में आयुष्मान और वरुण धवन के बीच भी टक्कर देखने को मिली है। यही कारण है कि अब सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर तुलना शुरू हो गई है। हालांकि, इस बीच आयुष्मान ने वरुण धवन की दिल खोलकर तारीफ करते हुए उन्हें एक बेहतरीन कलाकार बताया है।

## हमने साथ में की करियर की शुरुआत

बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में आयुष्मान ने वरुण के साथ काम करने पर बात करते हुए कहा कि हम बहुत उत्साहित थे। क्योंकि हमने अपने करियर की शुरुआत साथ में की थी। 2012 में मेरी फिल्म 'विकी डोनर' रिलीज हुई थी और मुझे लगता है कि 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' भी उसी साल आई थी। हम अलग-अलग इवेंट्स, शोज वगैरह में एक-दूसरे से मिलते रहे। वह सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं और एक बहुत अच्छे सह-अभिनेता भी हैं। यहां तक कि फाइट सीक्वेंस के दौरान भी, अच्छी बात यह थी कि किसी को जरा भी चोट नहीं आई। इसे बहुत अच्छी तरह से कोरियोग्राफ किया गया था। अगर आपके सह-कलाकार में लय की समझ हो तो यह वाकई मददगार होता है।

## ऐसे आया विकासपुरी के वूल्वरिन डायलॉग का आईडिया

अभिनेता ने आगे कहा कि लड़ाई लय की तरह है। कोरियोग्राफी भी वैसी ही है। आपको इस बीट पर यहां होना है, आपको उस बीट पर वहां होना है। अगर आप डांस कर सकते हैं, तो आप फिल्मों में लड़ भी सकते हैं। फिल्म के डायलॉग विकासपुरी के वूल्वरिन के बारे में आयुष्मान ने कहा कि मुझे लगा कि चूंकि मेरी पहली नौकरी दिल्ली में थी और मेरी मां दिल्ली से हैं। हालांकि, मैं चंडीगढ़ से हूं, मैंने वहां काफी समय बिताया है। दिल्ली मेरे लिए दूसरे घर जैसा है। इसलिए मैंने सोचा कि वहां का थोड़ा स्थानीय स्वाद होना चाहिए। जैसा कि कहते हैं, अनुप्रास अलंकार। इसलिए विकासपुरी के वूल्वरिन में एक खास तरह का वाइब था। इसलिए मुझे लगता है कि मैंने उसे इसमें जोड़ दिया।

## हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है 'थामा'

'थामा' की बात करें तो यह मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। वरुण धवन की 'भेड़िया' भी इसी यूनिवर्स का ही हिस्सा है। इसलिए 'थामा' में भी वरुण के भेड़िया के किरदार का कैमियो है। 'थामा' में आयुष्मान के साथ रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी अहम भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में बनी हुई है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in